हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 294, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 18 अप्रैल, 2023 दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

# एसआईटी करेगी अतीक व अशरफ हत्याकांड की जांच

## उत्तर प्रदेश पुलिस के 3 तेजतर्रार अफसरों को मिली जिम्मेदारी

प्रयागराज। प्रयागराज में शनिवार को माफिया अतीक अमहद और उसके भाई अशरफ को पुलिस की रिमांड में तीन युवकों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना काल्विन अस्पताल से चंद कदमों की दूरी और पुलिस के सामने हुई है। ताबड़तोड़ गोलियां बरसाने वाले युवकों ने तुरंत सरेंडर कर दिया। पुलिस ने मौके पर ही तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। माफिया अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की हत्या की जांच के लिए पुलिस कमिश्नर ने विशेष जांच दल (एसआइटी) गठित कर दी है। अपर पुलिस उपायुक्त अपराध सतीश चंद्र, एसीपी कोतवाली सत्येंद्र प्रसाद तिवारी और इंस्पेक्टर ओम प्रकाश की टीम बनाई गई है, जो पूरे मामले की जांच करेगी। एसआइटी अभिरक्षा में तैनात रहे पुलिसकर्मियों की भूमिका, उनकी उपस्थिति और उनकी ओर से उठाए गए कदम के सभी तथ्यों की छानबीन करेगी। साथ ही



आरोपितों के बारे में और उनकी माडस अपरेंडी का पता लगाते हुए कड़ी से कड़ी जोड़कर जांच को आगे बढ़ाएगी। वहीं, शासन स्तर पर गठित जांच आयोग के सदस्य भी जल्द ही प्रयागराज आकर पूरे मामले की तहकीकात करेंगे। पुलिस अभिरक्षा में अतीक व अशरफ की हत्या को लेकर पुलिस पर कई सवाल उठ रहे हैं। इससे जांच अधिकारियों के सामने कई तरह की चुनौती है। उधर, नैनी जेल में बंद अतीक के बेटे अली और गुर्गों की निगरानी बढ़ा दी गई है। अतीक के शूटरों को भी नैनी जेल में दाखिल किया गया है, जिससे उनके बीच टकराव की आशंका पैदा हो गई है।

**दूसरे दिन भी बंद रहा इंटरनेट**– रविवार की तरह सोमवार को भी करेली, चकिया, कसारी-मसारी सहित तमाम मोहल्ले में एहतियातन फोर्स तैनात है। अफवाहों का दौर भी चल रहा है। इंटरनेट सेवा दूसरे दिन भी बंद है। फिलहाल डीसीपी नगर दीपक भूकर का कहना है कि हत्याकांड की जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआइटी बनाई गई है।

### अतीक-अशरफ हत्याकांडः न्यायिक जांच आयोग का गठन, हाईकोर्ट के पूर्व जज, पूर्व डीजीपी 60 दिन में पूरी करेंगे जांच

लखनऊ। प्रयागराज में पुलिस अभिरक्षा में अतीक व अशरफ की गोली मारकर हत्या की घटना के बाद तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग गठित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गृह विभाग ने न्यायिक आयोग गठित किया है, जो प्रयागराज में हुए पूरे घटनाक्रम की जांच करेगा। इलाहाबाद हाई कोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति अरविंद कुमार त्रिपाठी (द्वितीय) की अगुवाई में तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग दो माह में जांच पूरी कर शासन को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। आयोग में पूर्व पुलिस महानिदेशक सुबेश कुमार सिंह व पूर्व न्यायाधीश बृजेश कुमार सोनी बतौर सदस्य शामिल हैं। न्यायिक आयोग अब पूरे मामले की जांच में पुलिस की चूक व अन्य पहलुओं को भी देखेगा। आयोग प्रयागराज में अतीक व अशरफ को कोर्ट में पेश करने से लेकर उसे पुलिस रिमांड पर लेने व इस दौरान उनकी सुरक्षा-व्यवस्था व अन्य गतिविधियों को बारीकी से देखेगा। आयोग घटना की तह तक जाकर विस्तृत रिपोर्ट शासन को सौंपेगा। पोस्टमार्टम में माफिया अतीक के सिर में एक व अशरफ के सिर में दो गोलियां धंसी पाई गईं। हमले में अतीक को आठ और भाई अशरफ को छह गोलियां मारी गई थीं। सीएमओ और एक डिप्टी सीएमओ समेत पांच डाक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम से पूर्व दोनों के शवों को एक्स-रे कराने के लिए अलग-अलग एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया था। सबसे पहले अतीक का पोस्टमार्टम हुआ। उसकी बायीं कनपटी से ऊपरी हिस्से में गोली धंसी पाई गई। एक गोली कंधे को चीरती हुई निकली थी और एक सीने में लगी थी। बाकी गोलियां उसे पेट और हाथ में लगीं।

# 'देश में ये क्या चल रहा है, जिसे चाहे मर्जी उसे मार दो', अतीक की हत्या पर भड़कीं ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कल अमित शाह मीटिंग के लिए गए थे। नेता तो खुद छांव में रहते हैं, एसी में रहते हैं, लेकिन इस भीषण गर्मी में लोकप्रियता दिखाने के लिए लोगों बाहर बैठाकर रखा। लोगों ने वहां से निकलने की इच्छा जताई, लेकिन उन्हें बाहर जाने नहीं दिया गया। 11 लोगों की मृत्यु हुई, 600 लोग हीट स्ट्रोक का शिकार हुए।

**'देश में ये क्या चल रहा है, जिसे चाहे मर्जी उसे मार दो'**– ममता बनर्जी यहीं नहीं रुकी उन्होंने अतीक-अशरफ हत्याकांड को लेकर भी केंद्र व यूपी सरकार को घेरा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा मैं किसी तरह से अपराध के पक्ष में नहीं हूं, लेकिन जो हुआ और भाजपा के राज में जो हो रहा है वह गलत है। कोई न्यायिक हिरासत में है और बाहर जाता है तो उसे मार दिया जाता है। क्या चल रहा है देश में जिसको मर्जी मार दो।

**गृह मंत्री अमित शाह दें इस्तीफा– ममता**– ममता बनर्जी ने गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की भी मांग की। उन्होंने कहा कि समय से पहले मेरी सरकार गिरने की धमकी देने वाले गृह मंत्री अमित शाह इस्तीफा दें। उन्होंने कहा कि अमित शाह कहते हैं कि पश्चिम बंगाल सरकार 2025 से आगे नहीं



चलेगी, क्या संविधान बदला जा रहा है।

**हमसे कोई टकराएगा तो चूर-चूर हो जाएगा– ममता**– पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि हम लोकतंत्र को लेकर चलते हैं, हम साथ में काम करते हैं इसलिए कई बार नहीं बोलते हैं, लेकिन हमसे कोई टकराएगा तो चूर-चूर हो जाएगा। सिर्फ मुझे ही नहीं बल्कि अरविंद केजरीवाल से भी इन्होंने टकराने का काम किया। क्या भाजपा में सभी स्वच्छ हैं।

### अभी जेल में ही रहेंगे मनीष सिसोदिया, आबकारी मामले में 29 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत बढ़ी

नई दिल्ली। आबकारी नीति घोटाला मामले में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत पूरी होने के बाद आज सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से उनको एक बार फिर न्यायिक



हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत को 27 अप्रैल, 2023 तक बढ़ा दिया है, जबकि ईडी मामले में अदालत ने उनकी कस्टडी को 29 अप्रैल, 2023 तक बढ़ा दिया है।

## 'पुलिस ने सुपारी देकर कराई अतीक-अशरफ की हत्या' डॉन ब्रदर्स के हत्याकांड पर तौकीर रजा का विवादित बयान

बरेली। अतीक-अशरफ हत्याकांड पर आइएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने विवादित बयान दिया है। मौलाना का कहना है कि पुलिस ने तीनों बदमाशों को सुपारी देकर अतीक अहमद और उनके भाई अशरफ की हत्या कराई है। इसके पुख्ता सबूत वीडियो में ही देखे जा सकते हैं। हत्यारों के इतने फायर करने के बाद भी पुलिस ने उनके ऊपर ना तो एक भी फायर किया, उल्टा उनको गोद में लेते हुए साथ ले गई। दरगाह आला हजरत के पास स्थित मौलाना तौकीर रजा खां ने अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि मेरा इतना कहना है कि हालात किसी से छुपे नहीं है। पुलिस जो करवा रही है, वो जुल्म है। इस पूरे मामले की जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस्तीफा देकर मामले की जांच करवानी चाहिए। मौलाना ने कहा कि विकास दुबे से लेकर अब तक जो एनकाउंटर किये गए है, उनकी जांच होनी चाहिए। सारे एनकाउंटर फर्जी



हैं। मौलाना ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस और गुंडों के बीच गठबंधन बन गया है, जिसकी सरपरस्ती सरकार कर रही है। प्रदेश में अमन कायम रहे। इसके लिए सभी अमन पसंद, संविधान में भरोसा रखने वाले लोगों को एक साथ आकर विरोध करना होगा। मौलाना ने कहा कि प्रदेश की पुलिस अदालत का भी काम कर रही है। खुद ही आरोप लगाती है और खुद ही एनकाउंटर में उनको मार देती है। ऐसा करने वाले सभी आरोपितों के विरुद्ध धारा 120 बी के अंतर्गत कार्रवाई करने की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस जुल्म के विरोध में हम बुधवार को इस्लामिया मार्केट में 12 बजे से विरोध प्रदर्शन करेंगे। मौलाना ने कहा कि अतीक अहमद को मिट्टी में मिलाने की धमकी मुख्यमंत्री ने दी थी और वही हुआ। मौलाना तौकीर रजा के प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पर पुलिस ने पत्रकारों को यशवंत बैंक का मैसेज भेजने वाले मीडिया प्रभारी के विरुद्ध नोटिस चस्पा किया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि प्रेस कान्फ्रेंस के बाद अगर कानून व्यवस्था बिगड़ती है तो इसके जिम्मेदार मौलाना तौकीर रजा और उनकी पार्टी होगी।

## ताइवान जलडमरुमध्य में चीन का युद्धाभ्यास खत्म होते ही अमेरिका ने भेजा युद्धपोत, हाई-अलर्ट जारी

वाशिंगटन। ताइवान को लेकर तनाव बढ़ता जा रहा है। चीन के भीषण युद्धाभ्यास के बाद अब अमेरिका ने भी अपने युद्धपोत 'मिलियस' को ताइवान जलडमरूमध्य में भेज दिया है। ऐसे में चीन और अमेरिका के बीच मामला बढ़ता दिख रहा है। चीन का कहना है कि ताइवान जलडमरूमध्य के माध्यम से अमेरिकी युद्धपोत को ट्रैक किया गया है। इसलिए इसे लेकर चीन ने 'हाई अलर्ट' भी जारी कर दिया है। माना जा रहा है, अमेरिकी युद्धपोत के ताइवान जलडमरूमध्य में आने के बाद चीन की तरफ से सख्त प्रतिक्रिया दी जाएगी। चीन पहले भी चेतावनी दे चुका है कि अगर ताइवान के क्षेत्र में अमेरिका आता है तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी नौसेना ने ताइवान जलडमरूमध्य के माध्यम से एक युद्धपोत रवाना किया है। ये युद्धपोत उस वक्त ताइवान जलडमरूमध्य में पहुंचा है, जब चीन ने स्व-शासित ताइवान को घेरकर रखा हुआ है। अमेरिकी नौसेना के 7वें बेड़े का कहना है कि रविवार को अमेरिकी युद्धपोत का ताइवान जलडमरूमध्य पहुंचना सामान्य प्रक्रिया है। यह रूटीन का हिस्सा है। साथ ही उन्होंने बताया कि ये युद्धपोत जलडमरूमध्य में एक गलियारे से होकर गुजरा है, जो किसी भी तटीय राज्य के क्षेत्रीय समुद्र से परे है। वहीं चीन लगातार युद्धभ्यास कर रहा है। इसकी जानकारी ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने खुद दी है। सोमवार की सुबह रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटे में ताइवान के आसपास 18 चीनी सैन्य विमानों और चार नौसैनिक जहाजों को देखा गया है। उन्होंने कहा कि चीन लगातार ताइवान को अपने नियंत्रण में लाने के लिए कोशिश कर रहा है। करीब सात दशक पहले, जब चीन में गृहयुद्ध चल रहा था, उस वक्त कम्युनिस्ट पार्टी ने लोकतांत्रिक पार्टियों को हरा दिया था।

## ज्ञानवापी में मुसलमानों के लिए वुजू व्यवस्था देने का सुप्रीम कोर्ट का आदेश

### सुप्रीम कोर्ट ने डीएम वाराणसी को सर्वमान्य रास्ता निकालने का दिया आदेश

प्रखर वाराणसी/ नई दिल्ली। ज्ञानवापी मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पहुंचे मुस्लिम पक्षकारों ने रमजान के महीने में वुजू की व्यवस्था को लेकर अपनी बात रखी थी। जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने जिलाधिकारी वाराणसी को यह आदेश दिया है कि सर्वमान्य रूप से रास्ता निकालकर मुसलमानों के लिए वुजू की व्यवस्था की जाए। बता दे कि सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल मंगलवार को ही जिलाधिकारी को निर्देशित किया है कि बैठक कर उक्त मामले को जल्द से जल्द निपटाया जाए। बताते चलें कि ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की ओर से रमजान की नमाज के दौरान उनके लिए अनुकूल व्यवस्था करने की सुप्रीम कोर्ट में अपील की गई थी। जिसको लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यह निर्देश दिया है। इसके अलावा बताते चलें कि ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी केस में वाराणसी की कोर्ट ने सर्वे का आदेश दिया था, सर्वे रिपोर्ट में यहां कथित शिवलिंग मिलने की बात कही



गई थी। इसी के बाद से पिछले 1 सालों से यहां वुजू की व्यवस्था बंद है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि जिला कलेक्टर मंगलवार को मस्जिद प्रबंधन समिति के प्रतिनिधियों व अन्य पक्षों के साथ बैठक करेंगे। पीठ ने कहा कि इस मामले में शुक्रवार को फिर से सुनवाई होगी और वजू की व्यवस्था पर उचित निर्देश पारित किया जाएगा। वही वकील ने कहा है कि अदालत के पिछले आदेशों से पहले ही जिला प्रशासन को वजू के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था और केवल रमजान के मद्देनजर इस निदेशों के उपयुक्त कार्यान्वयन की मांग कर रहे थे। सॉलीसीटर जनरल ने कहा कि इसमें शामिल अन्य समुदाय हिंदुओं की धार्मिक संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए स्नान का स्थान उपयुक्त रूप से निर्धारित किया जाना भी आवश्यक है। इस पर बेंच ने कहा कि सभी पक्षों को एक साथ बैठना चाहिए और उचित कार्य व्यवस्था के साथ आना चाहिए और तब अदालत सभी पक्षों की सहमति से आदेश पारित कर सकती है।

## समलैंगिकों के विवाह के खिलाफ सरकार का तर्क- शहरी अभिजात वर्ग की सोच पूरे समाज पर नहीं थोप सकते

नई दिल्ली। समलैंगिक विवाह के खिलाफ केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में नया आवेदन दायर किया है। इस आवेदन में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं पर विचार करने पर सवाल उठाए हैं। केंद्र ने कहा है कि



शादी एक सामाजिक संस्था है और इस पर किसी नए अधिकार के सृजन या संबंध को मान्यता देने का अधिकार सिर्फ विधायिका के पास है और यह न्यायपालिका के अधिकारक्षेत्र में नहीं है। केंद्र ने आवेदन में ये भी कहा है कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का व्यापक असर होगा और सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाएं पूरे देश की सोच को व्यक्त नहीं करती हैं बल्कि ये शहरी अभिजात वर्ग के विचारों को ही दशार्ती हैं। इसे देश के विभिन्न वर्गों और पूरे देश के नागरिकों के विचार नहीं माने जा सकते। आवेदन में सरकार ने कहा कि 'सुप्रीम कोर्ट याचिकाओं की विचारणीयता पर विचार करे कि क्या इन्हें सुना जा सकता है या नहीं। कानून सिर्फ विधायिका द्वारा बनाया जा सकता है, न्यायपालिका द्वारा नहीं। याचिकाकताओं ने एक नई विवाह संस्था बनाने की मांग की है, जो मौजूदा कानूनों की अवधारणा से अलग है। विवाह संस्था को सिर्फ सक्षम विधायिका द्वारा मान्यता दी जा सकती है।' बता दें कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 15 याचिकाएं दायर की गई हैं। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ ने इन याचिकाओं को पांच जजों की संविधान पीठ के समक्ष भेजने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट 18 अप्रैल को इन पर सुनवाई कर सकता है।

## बासवन्ना के विचारों पर हमला कर रही भाजपा', राहुल ने उठाई ओबीसी आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग

बेंगलुरु। राहुल गांधी ने कर्नाटक के बीदर जिले के भालकी में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने अपने संबोधन में भाजपा और आरएसएस पर जमकर निशाना साधा और साथ ही बासवन्ना के सहारे लिंगायत वोटबैंक को साधने की भी कोशिश की। राहुल गांधी ने ओबीसी जनगणना के आंकड़े जारी करने की भी मांग की।

**लिंगायत को साधने की कोशिश**– राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि 'भारत में अगर कोई पहली बार लोकतंत्र के लिए बोला और लोगों को राह दिखाई तो वो बासवन्ना जी थे। दुख की बात है कि आज आरएसएस और भाजपा के लोग लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं। बासवन्ना जी मानते थे कि सभी की सहभागिता हो, एक ऐसी जगह हो, जहां सभी मिलकर आगे बढ़ें लेकिन आज इस पर भाजपा और आरएसएस द्वारा हमला किया जा रहा है। वह नफरत और हिंसा फैला रहे हैं।' बता दें कि कर्नाटक में लिंगायत मतदाता करीब 18 प्रतिशत हैं। बासवन्ना, लिंगायतों के सबसे बड़े गुरु माने जाते हैं। बीएस येदियुरप्पा इसी वर्ग से आते हैं और लिंगायत समुदाय के बड़े नेता माने जाते हैं। यही वजह है कि कर्नाटक में लिंगायत



वोटबैंक पारंपरिक तौर पर भाजपा समर्थक माना जाता है। अब राहुल गांधी ने जिस तरह से अपने संबोधन में बासवन्ना की तारीफ की है, उससे माना जा रहा है कि कांग्रेस, लिंगायत वोटबैंक में सेंध लगाना चाहती है। जगदीश शेट्टार भी कांग्रेस में शामिल हो गए हैं और वह भी लिंगायत वर्ग से आते हैं। ऐसे में लग रहा है कि कांग्रेस लिंगायत समुदाय को लुभाने की कोशिश कर रही है।

**भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कसा तंज**– कर्नाटक में भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं और कांग्रेस ने इसे '40 प्रतिशत कमीशन सरकार' बताया था। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि '40 प्रतिशत कमीशन सरकार का नारा मैंने नहीं दिया था ये कर्नाटक के लोगों ने दिया था।'

**ओबीसी जनगणना के आंकड़े किए जाएं सार्वजनिक**– राहुल गांधी ने कहा कि 'अगर हम चाहते हैं कि इस देश में ओबीसी वर्ग आगे बढ़े और उन्हें अधिकार दिए जाएं तो इसके लिए पहला कदम है कि प्रधानमंत्री ओबीसी जनगणना के आंकड़े जारी करे। प्रधानमंत्री ऐसा कभी नहीं करेंगे क्योंकि वह नहीं चाहते कि ओबीसी का कल्याण हो। कांग्रेस को जब ये अवसर मिलेगा तो कांग्रेस ये काम तुरंत करेगी।'

## राज्यपाल का काफिला हादसे का शिकार, डिवाइडर से टकराते हुए ऑटो से भिड़ी दमकल की गाड़ी, सात जख्मी

हाजीपुर (वैशाली)। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर का काफिला वैशाली जिले के भगवानपुर में भीषण हादसे का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि राज्यपाल पटना से मुजफ्फरपुर जा रहे थे। इसी दौरान हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच 22 पर भगवानपुर के रतनपुरा में काफिले में शामिल दमकल की गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई। डिवाइडर से टकराते हुए फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने ऑटो में धक्का मार दिया। इस हादसे में दमकलकर्मी के तीन जवान और ऑटो में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, राज्यपाल का काफिला एनएच पर घटना के बाद रुका नहीं और मुजफ्फरपुर की तरफ बढ़ते चला गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को गाड़ियों से बाहर निकाला। घटना की सूचना पर स्थानीय प्रशासन भी पहुंच गई। आनन-फानन में सभी घायलों को स्थानीय पीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के पश्चात बेहतर इलाज के लिए सभी को हाजीपुर सदर अस्पताल भेजा गया है। राज्यपाल के काफिले की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने से मौके पर लोगों की काफी संख्या में भीड़ जमा हो गई। कुछ देर के लिए सड़क पर जाम लग गया। वाहनों



की लाइन लग गई। हालांकि, पुलिस ने सड़क पर लगे जाम को खाली कराया। घायलों में दमकल के जवान बमबम सिंह, आदर्श कुमार, सुधीर कुमार शामिल हैं। वहीं, ऑटो पर सवार हुसैना खुर्द निवासी संजय साहनी (38 वर्ष), बंदना कुमारी (18 वर्ष), संतोष पासवान (34 वर्ष) और सत्यनारायण पासवान (60 वर्ष) घायल हुए हैं।

## संपादकीय

# चौकसी के बावजूद

कुख्यात अपराधी अतीक अहमद और उसके भाई की पुलिस घेरे में हत्या को लेकर स्वाभाविक ही सवाल उठने लगे हैं। दो दिन पहले ही अतीक के बेटे और उसके एक साथी बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया था। अतीक और उसके भाई को शनिवार को प्रयागराज के एक अस्पताल में चिकित्सीय जांच के लिए ले जाया गया था। वहीं पत्रकार बन कर आए तीन बदमाशों ने दनादन गोलियां चलाईं और दोनों की हत्या कर दी। फिर तीनों ने आत्मसमर्पण कर दिया। यह सब इतना जल्दी हुआ कि जैसे पुलिस भी हरकत में नहीं आ सकी। पहले ही अतीक के बेटे की मुठभेड़ में हुई मौत को लेकर विपक्ष योगी सरकार पर निशाना साध रहा था, अतीक की हत्या के बाद वह और तीखा आक्रमण कर रहा है। यह समझना मुश्किल है कि क्या वजह है कि जब उत्तर प्रदेश पुलिस बदमाशों के खिलाफ इतनी सख्ती बरत रही है, तब भी बदमाशों के हौसले पस्त नहीं पड़ रहे। वहां बदमाश इतने बेखौफ क्यों हो गए हैं कि पुलिस घेरे के बीच घुस कर दनादन गोलियां चला कर दो कैदियों को मार डालते हैं। क्या इससे यह जाहिर नहीं होता कि उत्तर प्रदेश पुलिस चुनिंदा अपराधियों के खिलाफ ही सख्ती बरत और अपनी बहादुरी का प्रदर्शन कर रही है। अतीक अहमद लगातार कहता आ रहा था कि उत्तर प्रदेश पुलिस मुठभेड़ दिखा कर उसकी हत्या करना चाहती है। अपनी सुरक्षा की गुहार उसने सर्वोच्च न्यायालय में भी लगाई थी, जब उत्तर प्रदेश पुलिस उसे गुजरात से प्रयागराज लाना चाहती थी। तब सर्वोच्च न्यायालय ने पुलिस को उसे कैमरे की नजर में रखने और लाने-ले जाने का निर्देश दिया था। वैसे भी मुठभेड़ को लेकर सर्वोच्च न्यायालय का स्पष्ट दिशा-निर्देश है, जिसमें मुठभेड़ में शामिल लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज करानी पड़ती है। फिर जब अतीक ने सर्वोच्च न्यायालय में पहले ही अपनी हत्या की आशंका जाहिर कर दी थी, तो उत्तर प्रदेश पुलिस मुठभेड़ जैसी किसी भी स्थिति को लेकर सतर्क थी। ऐसे में विपक्षी दलों के इस आरोप को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि पुलिस ने चिकित्सीय जांच के लिए ले जाते वक्त जानबूझ कर लापरवाही बरती। क्या वजह है कि बदमाशों पर पुलिस की तरफ से एक भी गोली नहीं चलाई गई। पुलिस ने किस भरोसे के साथ मीडिया कर्मियों को अतीक और उसके भाई के बिल्कुल करीब तक जाने दिया। क्या वह भूल गई थी कि अतीक कोई मामूली अपराधी नहीं, बल्कि कुख्यात बदमाश है। ऐसे लोगों के बहुत सारे दुश्मन हो सकते हैं, जो ऐसे मौकों का लाभ उठा सकते हैं। दरअसल, अतीक और उसके भाई की हत्या के बाद इसलिए भी उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला हो रहा है कि खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई मौकों पर कह चुके हैं कि जो भी अपराध करेगा, उसे ठोक दिया जाएगा। अब तक योगी के शासन काल में पांच हजार से अधिक मुठभेड़ें हो चुकी हैं, जिनमें एक सौ अस्सी से अधिक बदमाशों को मार गिराया गया है। इस तरह बहुत सारे मामलों में न्यायालयों से बाहर उत्तर प्रदेश पुलिस खुद इंसाफ कर चुकी है। पुलिस की कुशलता इस बात में मानी जाती है कि वह अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराने के बजाय उन्हें पकड़ा कर न्यायालय के समक्ष पेश करे। अगर ऐसा नहीं होता, तो इससे एक तरह से हाथ के बदले हाथ और आंख के बदले आंख वाली प्रवृत्ति को ही बढ़ावा मिलता है।

# टिकट नहीं मिल पाया!



छोड़ रहा मैं पार्टी ।
टिकट नहीं मिल पाया ।।
ले चुका मैं प्रण ।
कर दूंगा सफाया ।।
अब इन बड़ी बातों से ।
है होना दो चार ।।
हर एक पार्टी को ।
अब मिलना उपहार ।।
कोई बनेगा रोड़ा ।
कोई करेगा काम ।।
आगे भी उदाहरण ।
तय मिलना तमाम ।।
बनेगी रोज सबकी ।
अब अपनी सरकार ।।
होंगे आंदोलन भी ।
नित नाना प्रकार ।।
–कृष्णेन्द्र राय

# आधुनिक गुलामी की कलंक कथा

आधुनिक दासता यानी जबरन मजदूरी, वह चाहे किसी भी रूप में हो, मानवता के विरुद्ध अपराध है। इसलिए भारत जैसे देश में इसके उन्मूलन की तत्काल आवश्यकता है। इसका अंतिम लक्ष्य एकीकृत और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना है, जो सभी के लिए समान अवसर और बुनियादी तौर पर न्यूनतम मजदूरी के साथ व्यक्तिगत अधिकार और स्वतंत्रता प्रदान करे। हमारे देश में जबरन श्रम, बेगारी का मुद्दा मूलतः व्यापक कृषि समस्या का एक हिस्सा है। आज भी दुनिया भर में पांच करोड़ से ज्यादा लोग आधुनिक किस्म की गुलामी में कैद हैं। आधुनिक लोकतंत्र में गुलामी का यह कलंक है बेगारी यानी जबरन श्रम, जिस पर संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और यूरोपीय कमीशन की एक ताजा रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि सात साल पहले तक दुनिया भर में, जो करीब 2.80 करोड़ लोग जबरन श्रम वाली स्थितियों में काम कर रहे थे, अब उनकी संख्या में दस गुना (28 करोड़ से ज्यादा) इजाफा हो चुका है। इस रिपोर्ट का एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष यह भी है कि यह मानवाधिकारों का उल्लंघन है।

दुनिया में लगभग 4.03 करोड़ लोग आधुनिक गुलामी का शिकार हैं, जिनमें से 2.49 करोड़ लोगों से जबरन मजदूरी कराई जा रही है। हमारे देश में भी ऐसे हजारों बंधुआ मजदूर हैं, जो घरेलू श्रमिक, कपड़े धोने, खाना पकाने, बच्चों की देखभाल करने, बागवानी आदि के काम करते हैं। उन्हें मामूली मजदूरी दी जाती है, वह भी समय पर नहीं। बहुत सारे मजदूरों को तो मजदूरी के बदले मात्र खाना, कपड़ा और आवासीय सुविधा दी जाती है। एक अनुमान के मुताबिक, पूरी दुनिया में कम से कम 6.8 करोड़ महिलाएं और पुरुष घरेलू नौकर के रूप में कार्यरत हैं। इनमें भी गांवों से विस्थापित लगभग अस्सी फीसद लड़कियां और महिलाएं हैं। कानूनी परिधि में इन्हें श्रमिक के बजाय मददगार बता दिया जाता है। ये न्यूनतम वेतन, कानूनी समझौता, स्वास्थ्य देखभाल, छुट्टियों, सामाजिक सुरक्षा, मातृत्व लाभ आदि से वंचित होते हैं।

आधुनिक विश्व में करोड़ों लोग गैरकानूनी ह्यजबरन श्रमह्ल से प्रभावित हैं। ये अक्सर उन उद्योगों में भी पाए जाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रमिक होते हैं, लेकिन विनियमन कम होता है। ये ज्यादातर कृषि, मत्स्य पालन, निर्माण, खनन, खदान, ईंट भट्टे, विनिर्माण, पैकेजिंग, वेश्यावृत्ति और यौन शोषण, बाजार व्यापार के साथ ही आपराधिक अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। हमारे देश में प्रवासी श्रमिकों के रूप में गरीब, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक समूहों को निशाना बनाया जाता है। इस तरह देखें तो, इक्कीसवीं सदी में भी गुलामी खत्म नहीं हुई है, सिर्फ इसका स्वरूप बदला हुआ है। मूल्य चुकाए बिना श्रम कराने की प्रथा बेगार है। राष्ट्र संघ भले वर्ष 2030 तक मानव तस्करी, जबरन मजदूरी, बाल श्रम और गुलामी को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हो, सामंती, साम्राज्यवादी और अफसरशाही की शक्तियां डंके की चोट पर समाज के कमजोर लोगों से बेगार करवा रही हैं। आज भी दुनिया में प्रत्येक एक हजार लोगों में से कम से कम तीन लोग जबरन श्रम (बेगारी) करने को अभिशप्त हैं। यूरोपीय कमीशन ने जबरन श्रम के खिलाफ एक कानूनी व्यवस्था बनाने पर जोर देते हुए गत वर्ष पहली बार ऐसे उत्पादों के आयात-निर्यात को प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव यूरोपीय संसद में प्रस्तुत किया, जिनके विनिर्माण में मानवाधिकारों का उल्लंघन करते हुए दासता के उपायों का प्रयोग किया गया हो। उससे पहले अमेरिका ने एक कानून बनाकर ऐसे उत्पादों को प्रभावी रूप से प्रतिबंधित कर दिया। उधर, संयुक्त राष्ट्र का अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन इस दिशा में सक्रिय हो गया।



बताया गया कि दुनिया में ऐसे गुलामी या दासता से पचास फीसद से अधिक उत्पीड़ित एशिया-प्रशांत क्षेत्र के हैं। इसके बाद पूरी दुनिया में ऐसी सरकारों और उद्योगों से जुड़ी नियंत्रक शक्तियों में हड़कंप मच गया, जहां उत्पादन में जबरन मानव श्रम का इस्तेमाल हो रहा है। दुनिया में पहली बार उन वस्तुओं पर कड़े प्रतिबंध की पहल की गई, जिनके उत्पादन में जबरन श्रम का इस्तेमाल हुआ हो। उसके बाद से, चीन के साथ ही, दो सबसे बड़े पाम आयल उत्पादकों- मलेशिया और इंडोनेशिया- के साथ एक बड़ा विवाद उठ खड़ा हुआ है।

दक्षिणपूर्व एशिया में यूरोपीय व्यापार का प्रतिनिधित्व करने वाली ईयू-आसियान बिजनेस काउंसिल का कहना है कि दक्षिणपूर्व एशिया के देश यूरोपीय यूनियन के इस कानूनी कदम से चिंतित हैं। उसके प्रस्तावों पर दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के साथ आपसी सहमति, असमति को लेकर वाताएं जारी हैं। इस बात पर साझा सहमति बनाने की कोशिशें चल रही हैं कि मानवाधिकार के संरक्षण के लिए उत्पादन में हो रहे कानूनी उल्लंघन रोकने में जरूरी नियामक बना कर एक-दूसरे का सहयोग बरकरार रहे। इन सब बातों के साथ ही उत्पादन में जबरन श्रम का मुद्दा अब दुनिया के अमूमन ज्यादातर देशों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए एक गंभीर अड़चन बन चुका है।

इसका सर्वमान्य समाधान कतई आसान नहीं दिख रहा है, क्योंकि दक्षिणपूर्व एशियाई देशों से यूरोपीय देशों में निर्यात होने वाले ज्यादातर सामान (जूते, कपड़े आदि) के उत्पादन में अन्य जगहों से आयातित कच्चे माल का इस्तेमाल हो रहा है। सबसे बड़ी मुश्किल कच्चे माल और उत्पादन की आपूर्ति श्रृंखला की पारदर्शिता पर पार पाने को लेकर है। एक ताजा जानकारी के मुताबिक, दुनिया की विकसित अर्थव्यवस्थाओं और खुद यूरोपीय संघ में सात प्रतिशत कामगार बंधुआ मजदूर हैं। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 23 स्पष्ट रूप से जबरन श्रम यानी बंधुआ मजदूरी, बेगारी, मानव श्रम की तस्करी आदि का सख्त निषेध करता है। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 में प्रावधान है कि किसी भी व्यावसायिक उद्यम में चौदह वर्ष से कम आयु के बच्चों का नियोजन गैरकानूनी है। आश्चर्यजनक रूप से गौरतलब है कि इसमें कृषि के साथ-साथ घरेलू कार्य सहित असंगठित क्षेत्रों के मेहनतकश बच्चों का एक वर्ग शामिल नहीं किया गया है।


सर्वोच्च न्यायालय ने बंधुआ मजदूरी की व्याख्या उस मजदूरी के भुगतान के रूप में की है, जो प्रचलित बाजार मजदूरी और कानूनी न्यूनतम मजदूरी से कम है। हमारे देश में ऐसे बंधुआ मजदूर ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में ईंट भट्ठों, पत्थर की खदानों, कोयला खनन, कृषि श्रम, घरेलू दासता, सर्कस और यौन दासता जैसे असंगठित उद्योगों में पाए जाते हैं। हमारे संविधान का अनुच्छेद 24 कहता है कि चौदह वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे को किसी कारखाने या खान में काम पर नहीं लगाया जाएगा या किसी अन्य खतरनाक रोजगार में नहीं लगाया जाएगा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 ने राज्य के लिए यह सुनिश्चित करना अनिवार्य कर दिया है कि छह से चौदह वर्ष की आयु के सभी बच्चे स्कूल में हों और निशुल्क शिक्षा प्राप्त करें। खान अधिनियम 1952 के अनुसार अठारह वर्ष से कम आयु के बच्चों का खानों में नियोजन अवैध है। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन समझौता संख्या 138 (रोजगार के लिए न्यूनतम आयु) और समझौता संख्या 182 (बाल श्रम का सबसे खराब रूप) की पुष्टि करता है। भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 374 के तहत ह्यगैरकानूनी अनिवार्य मजदूरीह्ल शब्द को परिभाषित किया गया है, जो कहता है कि कोई भी किसी व्यक्ति को उस व्यक्ति की इच्छा के विरुद्ध मजदूरी करने के लिए मजबूर करता है, उसे जेल और जुमार्ना दोनों से दंडित किया जा सकता है। यहां तक कि हमारे देश में भीख मांगना भी जबरन मजदूरी की वर्जित श्रेणी में रेखांकित है।

# नैतिकता का संबल

सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक हर स्तर पर गिरावट को महसूस किया जा रहा है। जिद और झूठे मान-अभिमान में डूबे लोग अक्सर बेसिर-पैर की बातों को लेकर लड़ते-झगड़ते, यहां तक कि एक दूसरे की जान लेने पर भी उतारू होते दिख जाते हैं। सड़कों, कार्यस्थलों, घरों में भी लोगों का छोटी-छोटी बातों को लेकर हाथापाई, गाली-गलौज, मारपीट आम हो गया है। हर बात मान-सम्मान का विषय बन जाता है। इसका असर कमोबेश हर उम्र के लोगों पर है, पर इससे सर्वाधिक ग्रसित नई पीढ़ी के युवा हैं, जिनके लिए उनका अहम ही सबसे बढ़कर होता जा रहा है।

ज्यादातर युवा हमेशा एक अजीब-सी तल्खी, अजनबीपन और आत्ममुग्धता के भाव से घिरे रहते हैं। मैं, मेरी मर्जी, मेरी पसंद जैसे शब्द वेदवाक्य बन चुके हैं। गलत होते हुए भी अपने आपको सही ठहराना आदत बनती जा रही है। अपनी अहमियत और रसूख दिखाने के लिए वे किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। घर-बाहर हर तरफ ऐसे बदमिजाज युवाओं का सामना होता रहता है, जिनके लिए बड़े-बुजुर्गों और अन्य किसी का सम्मान कोई मायने नहीं रखता। आज प्रत्येक व्यक्ति पहले से ज्यादा आत्मकेंद्रित हुआ है। इन स्थितियों ने एक तरफ सामाजिक व्यवस्था की बनावट को चोट पहुंचाया है, तो दूसरी ओर सामाजिकता के भाव को भी मर्माहत किया है। युवा भी इसी समाज का हिस्सा हैं और वे इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। यह विचारणीय है कि वे कौन-सी नकारात्मक संज्ञाएं थीं, जिन्होंने उन्हें ऐसा बनने के लिए बढ़ावा दिया। इन प्रश्नों के जवाब में पारिवारिक, सामाजिक माहौल, परवरिश, परिवेश, आर्थिक स्थिति, बाजारवाद जैसे कई तथ्यों पर गौर किया जा सकता है। पर जिस एक तथ्य को हम अक्सर भूल जाते हैं, वह है जीवन से नैतिकता का लोप होते जाना। उन संज्ञाओं का खोते जाना जो मनुष्य को नैतिक आचरण करना सिखाती हैं। हम बात दादी-नानी की कथाओं की करें या माता की शिक्षाप्रद मीठी लोरियों की, कथा-कहानियों की किताबों की करें, विद्यालयों में होने वाले नैतिक चचाओं या इससे संबंधित अन्य गतिविधियों की।

कभी इन सभी भावात्मक, संस्कारपरक, मन और आत्मा को जगाने और जीवन को सही दिशा देने वाले तथ्यों का हमारे जीवन में महत्त्वपूर्ण स्थान हुआ करता था, जिन्हें आज के समय में अतीत और पिछड़ा घोषित कर दिया गया है। बेतहाशा आर्थिक उन्नति, अति आधुनिकता की चाहत, सिकुड़ता परिवार का दायरा, बच्चों के जीवन से छिनते सुंदर और स्नेहिल आंगन और बड़ों के आशीर्वाद के हाथ आदि हावी हो चुके हैं। जाहिर-सी बात है इसका असर भी होगा। नैतिक शिक्षा वह प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से लोगों में नैतिक मूल्यों का संचार होता है। इन मूल्यों का मुख्य संचार स्थल घर और विद्यालय ही होता है। साथ ही अन्य तमाम सामाजिक स्थल भी नैतिकता के प्रवाह केंद्र हो सकते हैं। व्यक्तियों का समूह ही समाज बनाता है और समाज से देश बनता है। स्वाभाविक रूप से जैसा व्यक्ति होगा, समाज और देश भी वैसा ही बनेगा। किसी देश का उत्थान और पतन इस बात पर निर्भर करता है कि वहां के नागरिक कैसे हैं। नागरिकों को आचारयुक्त बनाने का आधार वहां की शिक्षा पद्धति होती है।




पारिवारिक और सामाजिक जीवन में मानवीय मूल्य, अर्थ, कर्म, धर्म सबके समुचित समावेश के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं। इन्हें ही नैतिक नियम कहते हैं और उनके पालन करने के भाव को नैतिकता। नैतिकता मनुष्य की आधारभूत आवश्यकता है। उसके बिना मानवीय मूल्यों का क्षरण होना अवश्यंभावी है। बालक किसी भी देश और समाज का भविष्य होता है। उसका नैतिक विकास सामाजिक जीवन की स्वाभाविक देन होनी चाहिए, क्योंकि नैतिक विकास सामाजिक विकास से अलग नहीं है। बालक का जीवन जिस समाज में आकार लेता है, पलता-बढ़ता है, उसका आचार-व्यवहार नैतिकता से परिपूर्ण होगा। तभी एक बेहतर नागरिक का निर्माण संभव है। वर्तमान में देश में अगणित विकासात्मक परिवर्तन हो रहे हैं।

## अहसास दिलाने को



बेटी कहती मन की बातें उससे जो अपना होता है।भव सागर की लहरों पर अविचल अपना सपना होता है। क्रूर लहर के पंजे आतुर जिसको सदा निगल जाने को। मानव समाज के भूखे भेड़िए बैठे रूप बदल जाने को। गिरने से बचने को बिटिया अपने दम पर सम्हल रही है। निरालंब होकर धरती पर बिटिया रानी चल रही है।। मनः स्थिति भांप जगत की ऊंची छलांग लगाने को। शक्ति का अवतार है बेटी यह अहसास दिलाने को।।

**गौरीशंकर पाण्डेय सरस**

# मुगलों को भारतीय इतिहास से मिटाने का क्या प्रभाव पड़ेगा?

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने हाल ही में पाठ्यपुस्तकों का एक संशोधित सेट प्रकाशित किया है। सबसे बड़ा बदलावः १२ वीं कक्षा की इतिहास की किताब से मुगल साम्राज्य से जुड़ा एक पूरा अध्याय हटा दिया गया है, जो शाही दरबारों के कामकाज से जुड़ा है। एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों का उपयोग केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा देने वाले छात्रों द्वारा किया जाता है, जिनका प्रबंधन केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है। पूर्ण संख्या के संदर्भ में, सीबीएसई के बाद भारतीय हाई स्कूल के छात्रों का एक छोटा सा हिस्सा है। लेकिन इसकी प्रतिष्ठा को देखते हुए, यह अक्सर अन्य बोर्डों के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में कार्य करता है।

सीबीएसई के छात्रों के लिए चैप्टर को हटाना घाटे का सौदा है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के नजफ हैदर द्वारा ३० -विषम-पृष्ठ का पाठ खूबसूरती से लिखा गया है और यह एक संक्षिप्त विवरण प्रदान करता है कि कैसे मुगल दरबार अपने स्वयं के इतिहास के निर्माण में बड़े पैमाने पर शामिल था। इस तरह के ग्रंथ न केवल अत्यधिक केंद्रीकृत मुगल नौकरशाही साम्राज्य के बारे में बल्कि मध्यकालीन भारत के बारे में भी जानकारी प्रदान करते हैं।मुगलों की समझ के बिना, यह स्पष्ट नहीं है कि इतिहास के छात्र मध्यकालीन दक्षिण एशिया और विशेष रूप से हिंदी बेल्ट को कैसे समझ पाएंगे, जो साम्राज्य का केंद्र था। उपमहाद्वीपीय संस्कृति में मुगलों को कितनी मजबूती से बुना गया है, इसका एक उदाहरण लेने के लिए, तुलसीदास के जीवनीकार वैष्णव कवि-संत और सम्राट अकबर के बीच एक मुलाकात के बारे में बताते हैं। जबकि संभवतः कपोल कल्पित, यह देखते हुए कि कहानी में, अकबर चमत्कार करने के लिए तुलसीदास की शक्ति से प्रभावित है, यह दशार्ता है कि सांस्कृतिक और धार्मिक आंदोलनों के लिए भी मुगल राज्य कितना महत्वपूर्ण था। इसी तरह, १८५७ में, जब ब्रिटिश ईस्ट इंडियन कंपनी के सिपाहियों ने विद्रोह किया, तो वे अनुमोदन की मुगल मुहर मांगने के लिए दिल्ली पहुंचे, भले ही उस समय तक सम्राट शक्तिहीन था।

**भारतीय विद्रोहियों के नेता और अंतिम मुगल राजा, बहादुर शाह जफर का कब्जा**– हालाँकि, इस अध्याय को हटाने का प्रभाव केवल छात्रों तक ही सीमित नहीं रहेगा। मुगलों का दानवीकरण भारत की सत्तारूढ़ विचारधारा हिंदुत्व का एक प्रमुख हिस्सा है, जो अब भारतीय राष्ट्रवाद के साथ लगभग बराबरी पर खड़ा है। जैसा कि हिंदुत्व के प्रमुख विचारक विनायक सावरकर ने कहा, हिंदुत्व मुसलमानों और ईसाइयों को भारत में स्थायी बाहरी लोगों के रूप में देखता है। मुगलों पर हमला करना इस बात का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है कि हिंदुत्व भारत में बहुसंख्यक होने के बावजूद हिंदुओं को पीड़ितों के रूप में कैसे देखता है।

जबकि मुख्यधारा के इतिहासकार ब्रिटिश राज को एक औपनिवेशिक काल के रूप में पहचानते हैं, हिंदुत्व समर्थक इस विचार को बहुत आगे बढ़ाते हैं। उदाहरण के लिए, २०१४ में, नवनिर्वाचित प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के १२०० साल की गुलामी से गुजरने की बात की, संभवतः आधुनिक पाकिस्तान में सिंध की आठवीं शताब्दी की अरब विजय के लिए देश के औपनिवेशिक युग को डेटिंग कर रहा था। भारत के औपनिवेशिक अनुभव को दुनिया में अब तक के सबसे लंबे समय के रूप में परिभाषित करना हिंदुत्व को अपनी शिकार की राजनीति के लिए एक शक्तिशाली स्रोत प्रदान करता है।

# विशेष संवाद : हिन्दुत्वनिष्ठ अधिवक्ता कृष्णमूर्ति पर हुई गोलीबारी के पीछे सूत्रधार कौन ?

### कर्नाटक में अधिवक्ता संरक्षण कानून लागू करें ! - अधिवक्ता अमृतेश एन.पी., कर्नाटक उच्च न्यायालय



अधिवक्ता कृष्णमूर्ति विश्व हिन्दू परिषद के स्थानीय नेता हैं । वे कर्नाटक में गौरी लंकेश हत्या प्रकरण में मुख्य अधिवक्ता हैं, इसके साथ ही वे हिन्दू जनजागृति समिति, सनातन संस्था, स्थानीय हिन्दुत्वनिष्ठ को नैतिक, धार्मिक एवं कानूनी दृष्टि से समर्थन देते हैं । इसीलिए उन्हें लक्ष्य किया गया है । यह अधिवक्ता कृष्णमूर्ति की हत्या करने का षड्यंत्र है । हिन्दुत्व के लिए लडनेवालों को आज किसी भी प्रकार का संरक्षण नहीं दिया जाता । इसके लिए सभी अधिवक्ताओं को संरक्षण मिले, इसके लिए कानून लागूकरने की मांग हम पिछले 5 वर्षों से कर रहे हैं । कर्नाटक सरकार यथाशीघ्र अधिवक्ता संरक्षण कानून लागू करे, ऐसी मांग कर्नाटक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अमृतेश एन.पी. ने की है । हिन्दू जनजागृति समिति ने गौरी लंकेश अभियोग में हिन्दुत्ववादियों की ओर से लडनेवाले अधिवक्ताओं पर हुई गोलीबारी के सूत्रधार कौन ? इस विषय पर आयोजित ऑनलाइन विशेष संवाद में वे बोल रहे थे ।

**कर्नाटक में उत्तरप्रदेश मॉडेल लागू करें** !– इस अवसर पर हिन्दू जनजागृति समिति के कर्नाटक राज्य प्रवक्ता श्री. मोहन गौडा बोले, कर्नाटक में इस काल में 35 हिन्दू नेताओं की निर्दयता से हत्या कर दी गई है । राष्ट्रीय अन्वेषण यंत्रणा के अनुसार इसमें अनेक प्रकरणों में पॉप्युलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पी.एफ.आई.) एवं सोशल डेमोक्रैटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एस.डी.पी.आई.), इन उग्र इस्लामी संगठनों का हाथ है । हिन्दुत्व के लिए कार्य करेंगे, तो ऐसा ही परिणाम होगा ऐसा आतंक हिन्दुत्वनिष्ठ नेता, हिन्दुत्वनिष्ठ कार्यकर्ता एवं अधिवक्ताओं में निर्माण करने का सुनियोजित षडयंत्र है । कांग्रेस शासन काल में मैसूर जिले में सुनियोजित ढंग से टोली के माध्यम से हिन्दुत्वनिष्ठों की हत्या कर दी गई, तब भी अपराधियों पर आतंकवादी कार्रवाईयों के अंतर्गत अपराध प्रविष्ट नहीं किया गया । इन घटनाओं के पीछे मुख्य सूत्रधार को बारंबार प्रतिभूति (जमानत) मिल गई और सरकारी अधिवक्ताओं ने भी जमानत का विरोध नहीं किया । हिन्दुत्वनिष्ठों की हत्याओं के प्रकरण में फास्ट ट्रैक न्यायालय के माध्यम से भी इनकी सुनवाई शीघ्रता से न होने पर अपराधियों को किसीप्रकार का भय नहीं रह गया है । अधिवक्ता कृष्णमूर्ति समान अधिवक्ताओं को सशस्त्र पुलिस संरक्षण दिया जाना चाहिए । अपराधियों में भय निर्माण हो, ऐसे उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समान अच्छे नेतृत्व की आज कर्नाटक को आवश्यकता है । तब ही कर्नाटक में हिन्दुत्वनिष्ठों की हत्या, न्यायधीशों को धमकियां देना, हिन्दू त्योहारों के समय शोभायात्राओं पर पथराव करना, ऐसे प्रकार बंद हो जाएंगे । इसलिए कर्नाटक में 'उत्तरप्रदेश मॉडेल लागू किया जाना चाहिए ।

इस अवसर पर कर्नाटक उच्च न्यायालय के अधिवक्त्या दिव्या बलेहित्तल ने कहा, आज हिन्दू अधिवक्ताओं को लक्ष्य बनाया जा रहा है । अधिवक्ता कृष्णमूर्ति पर आक्रमण करनेवाला अनुभवी शूटर था । अधिवक्ता कृष्णमूर्ति के सिर पर गोली चलाई गईं थीं; परंतु सौभाग्य से वे बच गए । कर्नाटक पुलिस का कहना है कि उसने यह प्रकरण गंभीरता से लिया है; परंतु इस प्रकरण में अब तक किसी को बंदी नहीं बनाया गया है, ऐसा खेद अधिवक्ता दिव्या ने व्यक्त किया ।

# नामांकन के अंतिम दिन भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने किया नामांकन





प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पंचायत व नगर निकाय आम चुनाव मे नामांकन के आज अंतिम दिन भाजपा नगरपालिका, नगर पंचायत अध्यक्षों तथा वार्ड सभासदों का नामांकन जिले के भिन्न भिन्न चुनाव कार्यालयों मे हुआ। गाजीपुर नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष पद कि उम्मीदवार सरिता अग्रवाल और नगर पंचायत जंगीपुर कि अध्यक्ष पद की उम्मीदवार विजय लक्ष्मी गुप्ता ने भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाइन से अपराह्न लगभग 01 बजे पार्टी कार्यकताओं के साथ भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाईन से वाहनों से निकल कर सांसद तिराहा पहुंची जहाँ से पैदल नामांकन कक्ष तक चलकर सरिता अग्रवाल ने उप जिलाधिकारी कक्ष स्थित चुनाव कार्यालय मे चार सेट मे अपना नामांकन दाखिल किया।नामांकन के प्रस्तावक क्रमशः विजय शंकर वर्मा, किरन सिंह, अतुल कुमार श्रीवास्तव और रणधीर मौर्या थे।जबकि विजय लक्ष्मी गुप्ता ने दो सेटो मे अपना नामांकन पत्र दाखिल किया जिसमें नन्दलाल और संदीप प्रस्तावक थे।

नामांकन के बाद भाजपा प्रत्याशी सरिता अग्रवाल ने कहा कि नगर मे चल रहे विकास के अधूरे कार्यों को पुर्ण करना हमारी प्राथमिकता होगी।तथा सुशासन व्यवस्था के साथ लोगों के सुविधाजनक जीवन के प्रति पुरा पुरा काम किया जाएगा। उन्होंने बड़े विश्वास के साथ कहा कि लगातार 6 वीं बार गाजीपुर नगर मे एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराएगी। जबकि नगर पंचायत जंगीपुर कि प्रत्याशी विजयलक्ष्मी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच जन जन का सम्मान और क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकता होगी।तथा जंगीपुर मे चल रहे विकास कार्यो को गति प्रदान कर लोगों कि अपेक्षा और आवश्यक्ता पर खरा उतरने का प्रयास करुंगी। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास कार्यों के बल पर जनपद कि सभी पाँच नगर पंचायतों तथा तीन नगरपालिकाओं मे भारी बहुमत से चुनाव मे जीत दर्ज करेगी। विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल ने कहा कि गाजीपुर के विकास और नगरों मे रह रहे लोगों के सुविधाओं से युक्त जीवन के लिए भाजपा प्रत्याशियों को जनता भारी मतो से जिताएगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह,सुशील उपाध्याय,कृष्ण बिहारी राय,विनोद अग्रवाल,संकठा प्रसाद मिश्रा, रासबिहारी राय, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, संतोष जायसवाल, कार्तिक गुप्ता, जयसूर्य भट्ट, श्रीप्रकाश केशरी, अभिनव सिंह छोटु, विवेकानंद पांडेय, मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, रेनू गुप्ता, अजीत सिंह, आदि उपस्थित रहे।

## एक और मिला संक्रमित सक्रिय केस हुए छह

आजमगढ़। कोरोना संक्रमण धीरे-धीरे पांव पसारने लगा है। शुक्रवार को भी एक संक्रमित मिला, जिसे हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जिले में सक्रिय केस अब जहां छह हो गए है तो वही मेडिकल कॉलेज में भर्ती गंभीर मरीजों की संख्या भी अब दो हो गई है। धीरे-धीरे कोरोना संक्रमण जिले में गंभीररूप लेता जा रहा है। सबसे पहले जिले के चार लोग गैर जनपदों में संक्रमित मिले थे। इसके दो दिन बाद ही जिले में हुई जांच में दो संक्रमित मिले। जिसमे एक मोहम्मदपुर पीएचसी पर तो दूसरा पल्हनी सीएचसी पर मिल था। अगले ही दिन फूलपुर क्षेत्र की एक 55 वर्षीय महिला की वाराणसी के निजी अस्पताल में हुई कोरोना जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आई। उसे वाराणसी से लेवल थ्री अस्पताल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जिसका इलाज वहां चल रहा है। वही शुक्रवार को भी एक पॉजिटिव बीएचयू वाराणसी में हुई जांच में पॉजिटिव मिला। मेडिकल कॉलेज के डॉ नियाज हसन ने बताया कि कंधरापुर क्षेत्र का 10 वर्षीय बालक संक्रमित पाया गया है। उसे भी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बालक टीबी का गंभीर रोगी है। अब मेडिकल कॉलेज में कोरोना मरीजो की संख्या दो हो गई है। सीएमओ डॉ आई एन तिवारी ने बताया कि संक्रमण बढ़ रहा है ऐसे में सतर्कता बरतना जरूरी है।

## साइकिल सवार बच्चे को रौंदने के बाद बेकाबू स्कॉर्पियो गड्ढे में पलटी, सहम उठे लोग

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के रानी की सराय क्षेत्र के ईश्वरपुर गांव के पास शनिवार दोपहर बाद दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। साइकिल सवार बच्चे को रौंदने के बाद बेकाबू स्कॉर्पियो गड्ढे में जा पलटी। साइकल सवाल बच्चे की मौत हो गई। हादसे में स्कॉर्पियो सवार लोग भी घायल हुए। मगर, लोगों के जुटने से पहले सभी फरार हो गए। घटनास्थल का मंजर देख स्थानीय लोग सहम उठे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को कब्जे में लिया। ईश्वरपुर गांव निवासी आकाश कुमार (13) पुत्र प्रह्लाद शनिवार शाम करीब सवा चार बजे साइकिल से कहीं किसी काम से जा रहा था। गांव के बाहर मुख्य मार्ग पर ही पहुंचा था कि आजमगढ़ की तरफ से जा रही स्कार्पियो ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद स्कार्पियो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में साइकिल सवार आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए पीएचसी रानी की सराय ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



**तीन बहनों का इकलौता भाई था आकाश**– आकाश तीन बहनों का इकलौता भाई था। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। स्कार्पियो में कितने लोग थे और उन्हें कितनी चोट आई है। इसकी कोई जानकारी नहीं हो सकी है। पुलिस ने स्कार्पियो को कब्जे में लिया है। रजिस्ट्रेशन नंबर से वाहन मालिक से संपर्क करने की कवायद हो रही है।

## लोक समिति द्वारा डॉ. अम्बेडकर एवं संवैधानिक समाज निर्माण विषयक संगोष्ठी का आयोजन

**राहुल चौबे**

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर थानान्तर्गत पंडित दीनदयाल मांगलिक भवन, धरसौना में लोक समिति द्वारा डॉ. अम्बेडकर एवं संवैधानिक समाज निर्माण विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया ' विषय प्रवेश करते हुए श्री सुजीत ने कहा बाबा साहब एक ऐसे समाज की स्थापना करने के लिए आजीवन प्रयत्नशील रहे जो समता, समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित हो, संविधान की प्रस्तावना में इसी संकल्प की अभिव्यक्ति है' भारत सेवक समाज इंटर कॉलेज के श्री अशोक कुमार राव ने कहा अम्बेडकर जी का जीवन आदर्श समाज के दलित और वंचित वर्ग को आगे बढ़ने को प्रेरित करता है।समाज सेवी मनीष शर्मा ने लोगों का आह्वान किया समाज से गैर बराबरी समाप्त किये बिना समता मूलक समाज की स्थापना नहीं हो सकती। उन्होंने अम्बेडकर जी के अमूल्य योगदान को याद करते हुये कहा बाबा साहब आज भी प्रासंगिक हैं।दलित अधिकारों के लिए संघर्षशील डॉ. अनूप श्रमिक ने आज के माहौल में संविधान आधारित समाज और वास्तविकता



पर चिता व्यक्त करते हुए कहा हताशा और निराशा की स्थिति में बाबा साहब प्रकाश स्तम्भ की तरह हैं। मुख्य वक्ता के रूप में अपनी बात रखते हुए श्रीमती जागृति राही ने कहा बाबा साहब किसी एक वर्ग के नहीं बल्कि पुरे समाज के लिए आदर्श हैं। बाल्यावस्था से ही उनका विजन बहुत स्पष्ट था, विपरीत परिस्थियों में भी अपने सिद्धांतो के प्रति अडिग रहे। आज जब समाज में आदर्शों का अकाल है बाबा साहब एक रोल मॉडल के रूप हैं हमें अपने बच्चों को बताना चाहिए। लोक समिति के ब्लाक अध्यक्ष श्री पंकज कुमार ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए कहा बाबा साहब जैसा व्यक्तित्व हमारे देश में अवतरित हुआ हमें गर्व है' दुर्भाग्य से दलित वर्ग प्रलोभनों में फंस कर वास्तविक विकास के रास्ते से भटक गया है' हर घर से अम्बेडकर जैसा व्यक्तित्व निकले ऐसा संकल्प लेना होगा। संगोष्ठी में धरसौना, टिसौरा, ताड़ी, महदा, कटारी, चौबेपुर खुर्द, हथियरकला, रसड़ा, सुल्तानीपुर, भदवां ,से सभी जाति वर्ग के विचारशील लोगों ने भाग लिया।आगंतुक प्रतिभागियों का स्वागत वंदना ने किया। रुखशाना, फातिमा, वंदना यादव, रणजीत ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैनामा करने वाला आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। मेंहनगर थाने की पुलिस ने शुक्रवार को दिन में करीब 10.55 बजे जयनगर तिराहा से फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैनामा कराने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी रामरूप मेंहनगर थाना क्षेत्र के करौती गांव का निवासी है। जानकारी मुताबिक मेंहनगर थाना क्षेत्र के करौली गांव निवासी लालती देवी पत्नी प्रभुनाथ ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थीं। उनका कहना था कि वह अपने आबादी की जमीन में अपना पक्का व सेहन आदि बनाकर गृहस्थी के सारे सामानों के साथ काफी दिनों से सपरिवार रह रही है। उक्त आबादी की भूमि व मकान पर आरोपी रामरुप द्वारा न्यायालय में एक वाद दाखिल किया गया था। जिसे न्यायालय द्वारा निरस्त कर दिया गया। अभियुक्त द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर जमीन को कल्पनाथ पुत्र रिबई ग्राम-गजोर थाना मेंहनगर को 26 दिसंबर 2022 को चुपके से बैनामा कर दिया गया। उक्त षड्यंत्र की जानकारी होने पर लालती देवी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं तथा बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम



करते हुए उनमें आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से ह्यह्यमिशन शक्तिह्व अभियान के तहत आज सोमवार को पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के महिला थाना की एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों, बीटों, स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थानों, मंदिरों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओ व बलिकाओं से संवाद कर उन्हें महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया । वर्तमान समय मे हो रहे विभिन्न तरीकों के साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससें समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

# दिव्यांग कुष्ठ रोगियों ने सीखा दिव्यांगता प्रबन्धन

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुकरौली पर सेवा दिवस का हुआ आयोजन, कुष्ठ रोगियों में वितरित किया गया दवा और फल

प्रखर कुशीनगर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुकरौली पर सोमवार को सेवा दिवस का आयोजन किया गया। इसमें दिव्यांग कुष्ठ रोगियों को स्वयं की देखभाल के लिए प्रशिक्षित किया गया। रोगियों के बीच दवा और फल भी वितरित किया गया। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि कुष्ठ रोग में मांसपेशियों की कमजोरी के फलस्वरूप तंत्रिका क्षति के कारण शारीरिक दिव्यांगता और विकृति का कारण बनता है। इसकी वजह से त्वचा सूख जाती और त्वचा कठोर हो जाती है। छाले पड़ जाते हैं। इनसे बचाव के लिए विशेष तरह के जूते-चप्पल पहनें । हाथ पैर को हमेशा साफ और मुलायम रखें। दिन में चश्मा लगाएं। रात में आंखों को स्वच्छ कपड़े से ढंक कर सोएं। उन्होंने हाइड्रेशन,




आयलेशन,फिजियोथिरेपी तथा एक्सरसाइज ( होप) ट्रीटमेंट के बारे में विस्तार से बताया। हाइड्रेशन में दिव्यांग हाथ अथवा पैर को टब में 20 से 30 मिनट तक भिगोएं, ताकि सूखी और खराब चमड़ी में नमी आ जाए, फिर स्क्रबर की सहायता से खराब चमड़ियों को खुरच कर निकाल दें। आयलेशन थिरेपी में इन अंगों पर तेल अथवा वैसलीन लगाकर नमी बरकरार रखें। जरूरत के अनुसार फिजियोथिरेपी की जाती है और व्यायाम करना होता है। इसके लिए कुष्ठ रोगियों को सेल्फ केयर किट पहले ही दिया जा चुका है। किट में स्क्रबर, कैंची, गाज पट्टी, सेवलान, एंटी सेप्टिक क्रीम, वैसलीन, तथा आई ड्राप होता है। पैरों में अल्सर से बचाव के लिए माइक्रो सेलुलर रबर (एमसीआर) चप्पल भी दिया गया है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि कुष्ठ एक संक्रामक रोग है, जो माइक्रोबैक्टिरियम लेप्रोसी नामक जीवाणु से फैलता है। अगर समय से कुष्ठ रोग का पता चल जाए तो व्यक्ति दीर्घ कालीन दिव्यांगता से बच सकता है। कुष्ठ रोग का इलाज सरकारी अस्पताल में उपलब्ध है।

फाउंडेशन के जिला समन्वयक विपिन सिंह ने कुष्ठ रोग के लक्षण बताकर समय से जांच और इलाज कराने की सलाह दी। फिजियोथिरैपिस्ट प्रदीप गुप्ता ने मरीजों को व्यायाम के तरीकों को सिखाएं, ताकि मांसपेशियों में होने वाली कमजोरी और अंगों में होने वाले टेढ़ापन को रोका जा सके। इस अवसर पर पीएचसी के चिकित्सा अधिकारी डाक्टर धर्मेन्द्र, एनएमएस रमेश त्रिपाठी, कुष्ठ रोगी उपस्थित थे । कार्यक्रम में कुष्ठ रोगियों के बीच दवा फल आदि का वितरण किया गया

**रि-कंस्ट्रक्टिव सर्जरी से सीधी हो गयी अंगूली**– सुकरौली क्षेत्र की रहने वाली एक 22 वषीर्या युवती ने बताया कि चार साल इलाज कराने के बाद वर्ष 2018 में गांव की आशा कार्यकर्ता ने उसे सुकरौली पीएचसी पर दिखाने की सलाह दिया तो वहां जाने के बाद बता चला कि वह कुष्ठ रोगी है। जिसकी वजह से अंगूली टेढ़ी है। पीएचसी सुकरौली से दवा शुरू हुई, वहां से उन्हें अंगूली का ऑपरेशन कराने के लिए इलाहाबाद नैनी भेजा गया। पूरा कोर्स दवा खाने व ऑपरेशन के बाद उसकी अंगूली सीधी हो गयी। अब वह फैजाबाद में कम्प्यूटर का प्रशिक्षण ले रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश के राशन डीलर ईपोश मशीन के नेटवर्क से परेशान : गिरीश तिवारी

प्रखर वाराणसी। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय सचिव गिरीश तिवारी ने बताया कि प्रदेश में माह अप्रैल का जो खाद्यान्न वितरण हो रहा है। उसमें सबसे बडी परेशानी इस माह सर्वर की हो रही है। पूरे प्रदेश में ई पोश मशीनें सुचारू रूप नहीं चल रही है जिसके कारण वितरण प्रभावित हो रहा है। तथा कार्डधारकों से वाद विवाद की स्थिति पैदा हो रही है।इसके लिए संगठन की तरफ से आयुक्त महोदय को पत्र द्वारा अवगत कराया गया है। कि अगर यह परेशानी हल नहीं हुआ तो इस माह वितरण पूर्ण नहीं हो पायेगा। बहुत से गरीब कार्डधारक खाद्यान्न से वन्चित रह जायेगे।

### किसानों को मिला मोटे अनाज का किट



प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा ब्लॉक मुख्यालय मंगारी पर सोमवार को किसानों को मिनी किट के तहत मूंग व रागी का वितरण किया गया। कृषि विभाग के तत्वाधान में क्षेत्र के 84 किसानों को मूंग तथा 12 किसानों को रागी का किट का निशुल्क वितरण एक कार्यक्रम के दौरान वितरण किया गया। एडीओ (कृषि) अनिल त्रिपाठी ने बताया कि मोटे अनाज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किट का वितरण शासन के निर्देश पर किया जा रहा है। किसान इसे प्रयोग में लाये। इस दौरान बीजेपी मण्डल अध्यक्ष सरमेश सिंह, संतोष सिंह मंगारी , राजन सिंह, उमेश सिंह, जितेंद्र दुबे, झगडू मिश्रा समेत अनेक किसान रहे।

### डीएम व एसपी ने नामांकन स्थल का किया निरीक्षण तथा वोटरों से की अपील



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सकुशल निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमबीर सिंह ने आज नगर पंचायत सैदपुर एवं नगर पंचायत सादात के नामांकन स्थल तहसील जखनियां का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने वहां की गयी व्यवस्थाओं के बावत जानकारी ली तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया कि मतदेय स्थलों पर गर्मी से बचाव हेतु पीने का पानी, शेड, शौचालय आदि की व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित करा लिया जाय। साथ ही उन्होने वोटरो से अपील किया कि 04 मई 23 को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान सम्पन्न होगा वोटर अपने सुविधानुसार किसी भी समय निर्धारित अवधि के अन्दर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सैदपुर, जखनियां, क्षेत्राधिकारी सैदपुर, तहसीलदार सैदपुर, एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कूड़ा फेकने का जगह नहीं कहकर, सफाईकर्मी नदारद

चहनियां।चंदौली। चहनियां कस्बा में कूड़ा फेकने की जगह नही है । सफाई कर्मी कस्बा वालो से कहकर दो या तीन दिन गायब हो जा रहे है । कस्बा में दुकानों, मकानों के सामने कूड़े का ढेर लगा हुआ है । इसे लेकर कस्बावासियों में आक्रोश ब्याप्त है । चहनियां कस्बा में बिगत 15 दिनों से सफाई कर्मी नही आ रहे । तीन या चार दिन में एक दिन आकर कूड़े को उठा रहे है । जिससे कूड़े का ढेर कस्बा में लोगो के दुकानों व घरों के सामने लग जा रहा है । कूड़ा इधर उधर फैल रहा है । जब भी सफाई कर्मी तीन चार दिन पर आते है तो कस्बा वालो से यही कहते है कि कस्बा का कूड़ा फेकने की जगह नही है । जहां कूड़ा फेंकते है वहां लोग मना कर रहे है । इसे सफाई कर्मियों का बहाना कहे या फिर कुछ और । कस्बावासियों का कहना है कि यहां पांच सफाई कर्मी मौजूद है । बाबजूद कूड़ा नही उठाया जा रहा है । सफाई कर्मी बहाना बना रहे है । जब तन्खवाह उठानी होती है तो रजिस्टर पर घूमकर पूरे कस्बा में लोगो से हस्ताक्षर करवाते है । कस्बावासियों ने उच्चाधिकारीयों का ध्यान आकर्षित कराते हुए इन समस्यायों से निजात दिलाये जाने की मांग की है ।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

चकिया। चंदौली। रोजा संस्थान द्वारा चाइल्ड राइट्स एंड यू नई दिल्ली के सहयोग से विकास खण्ड चकिया के ग्राम पंचायत मुजफ्फरपुर के कम्पोजिट विद्यालय के प्रांगण में दिन रविवार को दिन में समय 11 बजे से 3 बजे तक निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें ओम हास्पिटल चकिया के डा. विकास द्वारा जांच व इलाज निः शुल्क किया जायेगा। जिसके लिए संस्थान के कार्यकर्ता रविन्द्र कुमार तथा खैरुननिशा द्वारा शनिवार को मुजफ्फरपुर के सभी पुरवा में, महलिया, तलरा, कुंडा हेमैया, मुरारपुर, महादेवपुर कला आदि गांवों में लाउडस्पीकर लगाकर ई रिक्शा से प्रचार प्रसार किया गया। उक्त आशय की जानकारी रोजा संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक शिव नारायण शर्मा ने दिया।

### आवास देने के नाम पर रुपये वसूलने वाले सचिव के खिलाफ निलंबन की संस्तुति

आजमगढ़। फूलपुर क्षेत्र के भेड़िया गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थी को आवास देने के नाम पर रुपये लेने का वीडिया वायरल हो गया। मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता ने वायरल वीडियो की जांच कराई तो दोष सिद्ध हुआ। सीडीओ ने सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के लिए डीपीआरओ को निर्देश दिए हैं। वहीं डीपीआरओ को कहना है कि पहले हम भी उक्त मामले की जांच कराएंगे इसके बाद ही कार्रवाई करेंगे। जानकारी मुताबिक फूलपुर ब्लाक भेड़िया गांव में अखिलेश यादव सचिव के पद पर तैनात हैं। कुछ दिन पूर्व उनका एक वीडिया वायरल हो गया। जिसमें वह प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के लिए एक व्यक्ति से रुपये की मांग कर रहे हैं।



# साउथ स्टार सूर्या ने फैंस के बीच बढ़ाई हलचल...

चेन्नई। साउथ के जाने-माने स्टार सूर्या शिवकुमार अपनी 42वीं फिल्म को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। हाल ही में इस फिल्म का नाम सामने आया। इस फिल्म का नाम 'कंगुवा' रखा गया है। सूर्या ने सोशल मीडिया पर फिल्म का टाइटल लुक शेयर किया। जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। उन्होंने फिल्म से जुड़ा एक वीडियो भी शेयर किया है, जो काफी शानदार है। सूर्या ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक मिनट 13 सेकंड का लंबा टीजर वीडियो साझा किया। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, 'इस शक्तिशाली गाथा पर शिव और टीम के साथ काम करने में बेहद खुशी। टाइटल लुक शेयर करते हुए खुशी हो रही है।

लाइफStyle

# राधिका 'सना' का डंका

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राधिका मदान की अपकमिंग फिल्म 'सना' को 11 मई से 14 मई तक आयोजित होने वाले 23वें न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में आधिकारिक प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। यह नॉर्थ अमेरिका का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल है, जिसमें भारत और प्रवासी भारतीयों के सिनेमा को दिखाया जाता है।

फिल्म 'सना' की बात करें तो इसका निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधांशु सरिया ने किया है। राधिका मदान स्टारर इस मूवी में 28 साल की महिला की कहानी देखने को मिलेगी, जो अनसुलझे ट्रॉमा की वजह से कई आंतरिक लड़ाई से जूझती है। वहीं, फिल्म को 23वें न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में आधिकारिक सलेक्शन मिलने से इसके डायरेक्टर सुधांशु सरिया बेहद खुश हैं। सुधांशु सरिया ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा है, 'न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में आधिकारिक प्रतियोगिता के लिए 'सना' का चयन करना एक बड़ा सम्मान है। यह फेस्टिवल स्वतंत्र सिनेमा का एक पुराना चैंपियन रहा है, और हम इसे लेकर रोमांचित हैं। हमारी फिल्म इस तरह के बेहतरीन कार्यों के साथ प्रदर्शित हुई। मैं फेस्टिवल में भाग लेने और साथी फिल्म निर्माताओं और दर्शकों के साथ जुड़ने के लिए उत्साहित हूं।' 'सना' को इससे पहले 26वें तेलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल और 38वें सांता बारबरा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। यह ओपनिंग फिल्म के रूप में 25वें यूके एशिया फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनने के लिए भी तैयार है। फिल्मकार सुधांशु सरिया द्वारा निर्देशित फिल्म 'सना' का सांता बारबरा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में नॉर्थ अमेरिकन प्रीमियर होगा।



हॉलीवुड मसाला



# छात्रों को बंद करने का लगा आरोप

कैलिफोर्निया। किम कार्दशियां के पूर्व पति और रैपर कान्ये वेस्ट एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। कान्ये पर उनके प्राइवेट स्कूल में बच्चों को सिर्फ सुशी खिलाने और उन्हें कमरे में बंद करने का आरोप लगा है। इसके अलावा, उनपर उन पर कई स्वास्थ्य और सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। कान्ये कैलिफोर्निया में एक प्राइवेट क्रिश्चियन प्रेप स्कूल चलाते हैं। कई रिपोर्ट में दावा किया गया कि स्कूल में सफाई सेवाओं पर प्रतिबंध है, दरवाजे बाहर से बंद रहते हैं।



# सिंगर जेसन डेरुलो के साथ इंटरनेशनल प्रोजेक्ट की तैयारी

मुंबई। इंटरनेशनल स्टार और अमेरिकी सिंगर जेसन डेरुलो ने 'टॉक डर्टी टू मी', 'विगल विगल', 'स्वल्ला' और 'ट्रम्पेट' जैसे सुपरहिट गाने दिए हैं। वह एक प्रोजेक्ट के सिलसिले में मुंबई में हैं। जेसन हाल में बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला के साथ स्पॉट हुए। दोनों को बांद्रा में स्पॉट किया गया। कहा जा रहा है कि उर्वशी और जेसन एक इंटरनेशनल म्यूजिक वीडियो में साथ काम करेंगे। ये म्यूजिक वीडियो बहुत जल्द ही रिलीज होगा। जेसन डेरुलो ने भारत आने से पहले ही उर्वशी रौतेला के अलावा कई अन्य भारती सेलेब्स से बातचीत कर चुके हैं। उर्वशी और जेसन इंटरनेशनल म्यूजिक वीडियो 'जानू' में साथ काम करेंगे। उर्वशी ने इसकी एक झलक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है।



# उड़ रही अफवाहों पर पूजा ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई। बॉलीवुड से लेकर साउथ फिल्म तक धमाल मचाने वाली खूबसूरत अभिनेत्री में से एक पूजा हेगड़े इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। वह इस समय अपनी आगामी फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' की वजह से चर्चाओं में बनी हुई हैं। फिल्म में सलमान खान के साथ पहली बार काम कर रहीं पूजा हेगड़े 'किसी का भाई किसी की जान' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। ऐसे में अभिनेत्री लगातार इंटरव्यू दे रही हैं। एक ऐसे ही इंटरव्यू में पूजा हेगड़े ने प्रोड्यूसर द्वारा कार गिफ्ट करने वाली अफवाह पर चुप्पी तोड़ी है। इससे पहले अभिनेत्री को लेकर एक अफवाह भी बहुत तेजी से उड़ी थी कि वह और सलमान खान एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि, बाद में अभिनेत्री ने इन अफवाहों को सिरे से नकारते हुए बताया था कि वह अभी सिंगल हैं। बात केवल यहीं नहीं रुकती है।



# दरियादिली के मुरीद हुए उनके फैंस

चेन्नई। तमिल सिनेमा के मशहूर एक्टर अजीत कुमार अपनी जिंदादिली के चलते एक बार फिर से फैंस के दिलों को जीत लिया है। सोशल मीडिया पर उनकी जमकर चर्चा हो रही है। दरअसल, अजीत कुमार ने लंदन एयरपोर्ट पर एक शादीशुदा महिला की मदद की, जो अपने बच्चे के साथ अकेले ट्रैवल कर रही थी। अजीत ने ना केवल महिला के बैग्स को उठाया बल्कि उसके साथ पोज देकर फोटो भी खिंचवाई। हाल ही में एक पोस्ट के कारण अजीत कुमार लाइमलाइट में आ गए हैं। इसके वायरल होते ही उनके फैंस जमकर उनकी तारीफ कर रहे हैं। दरअसल एक सोशल मीडिया यूजर ने खुलासा किया है कि उनकी पत्नी की अजित के साथ एक मुलाकात हुई थी और वो उनके सरल स्वभाव से काफी प्रभावित हुईं।

टीवी मसाला



# कमाई के मामले में बॉलीवुड एक्ट्रेस को भी मात देती हैं ये टीवी स्टार्स...

मुंबई। बॉलीवुड के समक्ष टीवी आज भी छोटे पर्दे के रूप में ही दर्शकों के सामने पेश किया जाता है। आज कल किसी फिल्म से ज्यादा एक्टर्स के फीस की चर्चा ज्यादा देखने को मिलती है। टीवी को दर्शकों ने हमेशा ही कम आंका है, हालांकि आज के समय में टेलीविजन बहुत बड़ा माध्यम बन चुका है और फिल्म इंडस्ट्री को भी कड़ी टक्कर दे रहा है। टीवी की बढ़ती लोकप्रियता के कारण अब दर्शकों के बीच टीवी स्टार्स की मांग बढ़ गई है। आज के इस लेख में हम आपको उन टीवी स्टार्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो बॉलीवुड के छोटे-मोटे यहां तक कि स्थापित हीरो-हीरोइन से कहीं ज्यादा है।

**रूपाली गांगुली** : टीवी की 'अनुपमा' यानी रूपाली गांगुली अपने मां के किरदार से ऑडियंस के बीच अच्छी खासी लोकप्रियता बटोर रही हैं। उनका सीरियल 'अनुपमा' दर्शकों के बीच काफी देखा जाता है। इस शो ने रूपाली के स्टारडम में चार चांद लगा दिया है। गौरतलब है कि रूपाली एक एपिसोड का दो से ढाई लाख रुपये चार्ज करती हैं और अभी तक सबसे ज्यादा डिमांडिंग अभिनेत्रियों की लिस्ट में शुमार हैं।

**दिव्यांका त्रिपाठी** : टीवी की सबसे चर्चित अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी आज भी अपने अभिनय के लिए दर्शकों के बीच अच्छी खासी लोकप्रियता बटोरती है। दिव्यांका को सीरियल 'ये है मोहब्बतें' से ऑडियंस के बीच पहचान मिली है। आपको बता दें कि दिव्यांका 80000 से एक लाख तक प्रति एपिसोड फीस चार्ज करती हैं। दिव्यांका टीवी की डिमांडिंग अभिनेत्रियों में से एक हैं।

**हिना खान** : हिना खान टीवी ही नहीं बल्कि बॉलीवुड की भी जानी मानी अभिनेत्री हैं। हिना को 'बिग बॉस 11' से दर्शकों के बीच लोकप्रियता हासिल हुई थी। हालांकि, हिना यह शो हार गई थीं, लेकिन हारने के बावजूद वे शिल्पा शिंदे से ज्यादा चौकस घर ले गईं। आपको बता दें कि हिना खान प्रति एपिसोड एक लाख से 1.25 लाख चार्ज करती हैं। हालांकि, अभी उन्होंने टीवी शोज से दूरी बनाई हुई है।

**अंकिता लोखंडे** :एक समय ऐसा था, जब अंकिता लोखंडे का सीरियल पवित्र रिश्ता दर्शकों के बीच काफी देखा जाता है। इस सीरियल से ही अंकिता को असल पहचान मिली थी। हालांकि, बाद में अंकिता ने बॉलीवुड में भी अपना डेब्यू किया था। आपको बता दें कि अंकिता प्रति एपिसोड 90000 से 1.5 लाख प्रति एपिसोड डिमांड करती हैं।

# एनटीआर 30 में दिखेगा जूनियर एनटीआर का डबल रोल...

बेंगलुरू। साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की तीसवीं फिल्म यानी एनटीआर 30 का फैंस के बीच अभी से ही क्रेज देखने को मिल रहा है। लगातार फैंस फिल्म से जुड़े अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। अब खबर है कि बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने जा रहे हैं। हालांकि फिल्म की टीम की ओर से अभी तक आधिकारिक तौर पर इस बात की पुष्टि नहीं की गई है। 'आरआरआर' की दमदार सफलता के बाद अब जूनियर एनटीआर इस फिल्म से फैंस का दिल जीतने आ रहे हैं। यह एक अखिल भारतीय फिल्म होगी यानी यह देश भर में तमिल, तेलुगू और अन्य साउथ भाषा समेत हिंदी में भी रिलीज होगी। फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर भी मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। वहीं, अब सैफ अली खान के भी शामिल होने की उम्मीद है। खबर है कि सैफ



अली खान को पहले ही फिल्म के लिए साइन कर लिया गया है। फिल्म के तीसरे शेड्यूल में सेट पर उनके शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। अगर, ऐसा होता है तो यह फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी होगी। हालांकि, इस खबर के बाद से सैफ के फैंस सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। फैंस के लिए एक बड़ा अपडेट यह है कि फिल्म में उन्हें जूनियर एनटीआर का डबल रोल देखने को मिल सकता है।

# बुढ़ापे में रचाई शादी, कोई 60 में बनीं दुल्हन तो कोई 70 में चढ़ा घोड़ी

*मुंबई। कहते हैं कि प्यार करने वाले ना उम्र देखते हैं और ना हो रूप रंग। फासला चाहे उम्र का हो या परिवार का इन प्यार करने वालों को कोई नहीं रोक सकता है। हालांकि, आप भी यही सोच रहे होंगे कि यह तो फिल्मों में ही होता है, जहां दादा-दादी, नाना-नानी बनने की उम्र में लोग शादी करते हैं, लेकिन इस कहानी में एक ट्विस्ट है। आज हम आपको कुछ ऐसे सेलिब्रिटी कपल्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने परिवार और समाज की परवाह न करते हुए 50 की उम्र के बाद अपना घर बसाया है। तो चलिए जानते हैं उन कपल्स के बारे में।*









*कबीर बेदी : बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता कबीर बेदी अपनी फिल्मों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अभिनेता ने 70 की उम्र में चौथी बार शादी रचाई है। बताते चलें कि अभिनेता और उनकी पत्नी की उम्र में 30 साल का फासला है। हालांकि, अभिनेता और उनकी पत्नी ने समाज की परवाह नहीं की और अपने रिश्ते को बेबाकी से दुनिया के सामने रखा। कबीर ने साल 2016 में शादी की थी।*

*सुहासिनी मुले : अभिनेत्री सुहासिनी मुले अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। सुहासिनी के अभिनय के आज भी लाखों लोग दीवाने हैं। सुहासिनी मुले ने 60 की उम्र में दुल्हन बनने का फैसला लिया था। अभिनेत्री ने अपने फेसबुक फ्रेंड से शादी की थी। आपको बता दें कि सुहासिनी ने अपनी शादी का खुलासा चार साल बाद किया था।*

*नीना गुप्ता : अभिनेत्री नीना गुप्ता आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। नीना की जिंदगी काफी उतार चढ़ाव से भरी हुई थी। नीना एक लीव इन रिलेशन में रहती थीं, जिससे उन्हें एक बेटी भी हुई थी फिर अपनी बच्ची की अकेले परवरिश करना उनके लिए काफी मुश्किलों भरा रहा है। नीना गुप्ता ने फिर 54 की उम्र में जाकर विवेक मेहरा से शादी की थी।*

*मिलिंद सोमन : अभिनेता मिलिंद सोमन को कौन नहीं जानता है। मिलिंद के फिटनेस वीडियो अकसर सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। अभिनेता अपनी फिटनेस को लेकर फैंस के बीच छाए रहते हैं। आपको बता दें कि मिलिंद ने 52 की उम्र में 26 साल छोटी अंकिता कोंवर से शादी की थी। मिलिंद के इस फैसले ने सोशल मीडिया की दुनिया में तहलका मचा दिया था।*

## अभिनेत्री बिंदु ने खलनायिका से लेकर सभी तरह की भूमिकाएं की फिल्मों में

# बिंदिया चमकी-चूड़ी खनकी और चमक उठा बिंदु का करियर

मुंबई। खलनायिकाओं के किरदार में 'बिंदु' ने भी अपनी अलग पहचान बनाई। सिल्वर स्क्रीन पर बिंदु भले ही एक क्रूर महिला का किरदार अदा करती थीं, लेकिन असल जिंदगी में उनकी जैसी अदाकारा चिराग लेकर भी ढूंढने से नहीं मिलेगी। अभिनेत्री बिंदु का जन्म 17 अप्रैल 1941 को एक गुजराती परिवार में हुआ। पिता नानक भाई देसाई अपने भाइयों के साथ मिलकर फिल्में बनाते थे। बिंदु घर में भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी और परिवार में 6 बहनें और एक भाई थे। अचानक उनके पिता का देहांत हो गया, तब बिंदु की उम्र केवल 13 बरस थी। बिंदु ने तब मॉडलिंग शुरू की। फिर 1962 में डायरेक्टर मोहन कुमार की सुपरहिट फिल्म 'अनपढ़' में काम करने का मौका मिला।

इस बीच उनकी मुलाकात चंपक लाल झवेरी से हुई। चंपक उनकी बिल्डिंग के पीछे ही रहते थे और उनकी बहन बिंदु की खास दोस्त थी, इसलिए घर आना-जाना था। आखिरकार 1964 में बिंदु की शादी चंपक लाल झवेरी से हो गई। तीन दिन तक शादी का जश्न चला, लेकिन उसके बाद घरवालों ने आंखें फेर लीं और पति को पुश्तैनी बिजनेस से भी बेदखल कर दिया गया। इसके कुछ साल बाद बिंदु की छोटी बहन का विवाह प्रख्यात संगीतकार

आज जन्मदिन



जोड़ी लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी के लक्ष्मीकांत कुंडालकर से हो गई। एक दिन बिंदु अपनी बहन के साथ रिकार्डिंग स्टूडियो में थी। वहां पर राज खोसला भी थे। उन्होंने लक्ष्मीकांत से पूछा ये कौन है? उन्होंने बताया कि बिंदु मेरी साली है।

राज खोसला ने पूछा, फिल्मों में काम करोगी? बिंदु ने हां कह दिया। वो बोले, मैं एक फिल्म बनाने वाला हूं, 'दो रास्ते' उसमें निगेटिव रोल है। बिंदु ने हां कह दी। 15 दिन बाद वे फिल्म 'मेरा साया' की शूटिंग पर थे और संदेश आया कि आ जाओ, तुम्हारा स्क्रीन टेस्ट लेना है। बिंदु वहां पहुंची और उन्होंने एक डॉयलाग दिया। बिंदु ने खूब तैयारी की और डॉयलाग एक ही शॉट में कहा। 'कट' के साथ वो सिंगल टेक का शॉट खत्म हुआ और उनके काम के लिए तालियां बजीं। इस तरह बिंदु को फिल्म 'दो रास्ते' में एंट्री मिल गई।

स्टूडियों में गीतों की जब रिकॉर्डिंग होती तो बिंदु भी वहां होती। बिंदु कहती हैं-जब 'बिंदिया चमकेगी, चूड़ी खनकेगी, तेरी नींद उड़े तो उड़ जाए, कजरा बहकेगा' की रिहर्सल चलती तो गीतकार आनंद बख्शी मुझे चिढ़ाते कि ये गाना भले ही मुमताज के लिए बना है, लेकिन देखना इसमें बिंदु चमकेगी...और हुआ भी वही।

## बिंदु की बहुचर्चित फिल्में



अनपढ़ (1962) में माला सिन्हा के साथ बिंदु

अनपढ़ (1962), औरत (1967), आया सावन झूम के (1969) ,इत्तेफाक (1969), कटी पतंग (1970), अमरप्रेम (1971) मेरे जीवनसाथी (1972), धर्मा (1973), जंजीर (1973), हवस (1974), इम्तिहान (1974), अर्जुन पंडित (1976), दस नंबरी (1976) ,नहले पर दहला (1977) ,देस परदेस (1978), खानदान (1979), शान (1980) , लावारिस (1981) ,नसीब (1981), प्रेमरोग (1982), हीरो (1983), कर्मा (1986) , आंखे (1993) , हम आपके हैं कौन (1994) , जुड़वां (1997) , बनारसी बाबू (1998), मैं हूं ना (2004) , ओम शांति ओम (2007) मेहबूबा (2008)

## संक्षिप्त खबरें

### ईटीओ मोटर्स की पहल



नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कंपनी ईटीओ मोटर्स ने राष्ट्रीय राजधानी में महिला ड्राइवर पार्टनर्स के साथ 45 इलेक्ट्रिक एल5 थ्री-व्हीलर्स लांच किए हैं। कंपनी ने सशक्तीकरण के मूल सिद्धान्त के मद्देनज़र यह पहल की है, जो उनकी 'ड्राइव एण्ड ओन' योजना को बढ़ावा देगी। कालकाजी मेट्रो स्टेशन पर किया गया यह लांच शहर में ईटीओ का दूसरा लांच है, इससे पहले दिसम्बर 2022 में आज़ादपुर मेट्रो स्टेशन पर एलएमसी सर्विस के लिए 36 इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों का सफल लांच किया गया था। ईटीओ ने कालकाजी मेट्रो स्टेशन पर ईटीओ ईवी चार्जिंग स्टेशन के माध्यम से एक चार्जिंग नेटवर्क भी स्थापित किया है, जहां एक ही समय में 30 वाहन तक चार्ज किए जा सकते हैं। यह जानकारी ईटीओ मोटर्स के एमडी एवं सीईओ पवन चावली ने दी।

### पूजा मोहन ने जीता खिताब

कोच्चि। कोच्चि में अप्रैल को आयोजित मणप्पुरम फाइनेंस और यूनीक टाइम्स मैगज़ीन मिसेज इंडिया ग्लोबल 2023 के विजेता पूजा मोहन को घोषित किया गया है। इस मौके पर अवनी अवस्थी और मेरिन जॉन को क्रमशः फर्स्ट रनर-अप और सेकंड रनर-अप के रूप में नवाजा गया है। पूजा को एसएजे ग्रुप आफ कंपनीज के चेयरमैन और एमडी साजन वर्गीज ने ताज पहनाया। नेचुरल सैलून और स्पा के सीईओ और सह-संस्थापक सीके कुमारवेल ने पहली रनर-अप को, जबकि अनीता टेक्सकोट प्राइवेट लिमिटेड, तिरुपुर के एमडी ए. चंद्रशेखर ने दूसरी रनर-अप को ताज पहनाया। पेगासस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष डा. अजीत रवि पेगासस समारोह के दौरान उपस्थित थे।

### बिकानो के जंबो पैक

नई दिल्ली। भारत की लोकप्रिय स्नैक और पैकेज्ड फूड निर्माता कंपनी बिकानो ने अपने चिप्स, क्रंची मंची और चैटेक्स के फैमिली या 'जंबो' पैक पेश किए हैं। क्रिकेट के महाउत्सव 'आईपीएल' के इन बेहद रोमांचक पलों के बीच कंपनी ने ग्राहकों के लिए यह वैल्यू डील उपलब्ध कराई है, जिससे कंपनी की बिक्री और लाभ में भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इन चिप्स को पैक करने के लिए नई तकनीक वाली मशीनों का प्रयोग किया जाता है, जिससे मनुष्य के हाथों के स्पर्श का असर कम-से-कम किया जा सके। बिकानो, बीकानेरवाला फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर मनीष अग्रवाल ने इस मौके पर कहा, 'हमने एक रणनीति के रूप में अपने क्रिस्पी स्वाद वाले चिप्स, चैटेक्स और क्रंची मंची को 100-100 ग्राम की पैकिंग में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया है।

### मणिपाल हेल्थ की योजना

नई दिल्ली। मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दिलीप जोस ने कहा है कि कंपनी की योजना पांच साल में लगभग 4,000 बिस्तर क्षमता के साथ 12-14 अस्पताल जोड़ने की है। सिंगापुर के सॉवरेन संपदा कोष टेमासेक ने हाल ही में मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज में बड़ी हिस्सेदारी खरीदी है। उन्होंने कहा कि कंपनी विस्तार के लिए पुराने अस्पतालों के विस्तार के साथ नए अधिग्रहणों पर विचार कर रही है। कंपनी ने हालांकि इस संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं दी। जोस ने पीटीआई-भाषा से कहा, "हमारे पास अब 29 अस्पताल हैं, जिनमें 8,300 बिस्तर हैं। हम पांच साल में 4,000 बिस्तर के साथ 14 अस्पतालों को जोड़ने की उम्मीद कर रहे हैं।'

# दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बना भारत

- अधिशेष दूध को निर्यात करने का सुझाव
- इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बनने की भी सलाह
- नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद की राय

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बन चुका है और यदि उसे अपने अधिशेष दूध के लिए वैश्विक बाजार में हिस्सा हासिल करना है, तो निर्यात की दृष्टि से प्रतिस्पर्धी बनना होगा। नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने यह बात कही है।

चंद ने डेयरी उद्योग पर अपने विचार पत्र (वर्किंग पेपर) में कहा कि भारत का डेयरी उद्योग किसी भी ऐसे मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का विरोध करता रहा है, जिसमें डेयरी उत्पादों में व्यापार का उदारीकरण (आयात) शामिल हो। हालांकि, यदि हमें भविष्य में अपने दूध के अधिशेष उत्पादन का निपटान करना है, तो अपनी निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ानी होगी।'

उन्होंने लिखा है कि निर्यात प्रतिस्पर्धी होने के लिए आयात की तुलना में अधिक ऊंची प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता होती है। चंद के अनुसार, कोई देश तब तक निर्यात की दृष्टि से प्रतिस्पर्धी नहीं हो सकता है जबतक वह आयात के साथ प्रतिस्पर्धा करने में असमर्थ है और यह मुद्दा भारत में डेयरी उद्योग के भविष्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण है।



उन्होंने कहा कि डेयरी उद्योग को अपने कुछ घरेलू उत्पादन को विदेशी बाजारों में भेजने का रास्ता निकालना होगा। उन्होंने साथ ही सुझाव दिया कि सिर्फ तरल दूध को भेजने के बजाय हमें विभिन्न उत्पादों का प्रसंस्करण कर निर्यात करना चाहिए। चंद ने कहा, 'इसके लिए मूल्य श्रृंखला सहित डेयरी उद्योग में निवेश में कुछ बदलाव की जरूरत होगी। अगर भारत दूध की गुणवत्ता और पशुधन स्वास्थ्य के मुद्दे को हल कर पाता है, तो वह कुछ बड़े बाजारों में अपनी पैठ बना सकता है।' चंद ने सुझाव दिया कि अगले 25 साल के लिए डेयरी उद्योग का लक्ष्य और दृष्टिकोण भारत को डेयरी उत्पादों का सबसे बड़ा निर्यातक बनाने का होना चाहिए।

उन्होंने कहा, 'यह एक लंबा सिलसिला होगा, लेकिन डेयरी क्षेत्र की पिछली उपलब्धियों को देखते हुए चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद इसे हासिल किया जा सकता है।' देश के कुल घरेलू उत्पादन का आधा प्रतिशत से भी कम दूध का निर्यात होता है। 2021 में विश्व का डेयरी निर्यात 63 अरब डॉलर था।

वहीं भारत का निर्यात सिर्फ 39.2 करोड़ डालर था। चंद ने बताया कि हालिया दूध उत्पादन के आंकड़ों से पता चलता है कि यह सालाना 5.3 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

## टाटा स्टील की ब्रिटिश सरकार से वित्तीय पैकेज पर वार्ता जारी

नई दिल्ली (भाषा)।

टाटा स्टील के एमडी एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टीवी नरेंद्रन ने कहा है कि वित्तीय पैकेज के लिए ब्रिटेन सरकार के साथ वार्ता अब भी चल रही है।

नरेंद्रन ब्रिटेन से कारोबार से बाहर होने संबंधी एक सवाल का जवाब दे रहे थे। दिल्ली में एक कार्यक्रम से इतर उन्होंने कहा, 'ब्रिटेन सरकार से टाटा स्टील अभी भी आग्रह कर रही है।' उन्होंने कहा कि आग्रह पर फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया गया है। टाटा स्टील का मुख्यालय भारत में है और वह ब्रिटेन के साउथ वेल्स स्थित पोर्ट तालबोट में देश के सबसे बड़े कारखाने की मालिक है। ब्रिटेन में टाटा स्टील के करीब 8,000 कर्मी कार्यरत हैं।

# विदेशी मुद्रा विनिमय दरें अब दैनिक आधार पर तय करेगा सीबीआईसी

नई दिल्ली (भाषा)।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) अपने एकीकृत सीमा शुल्क पोर्टल पर मुद्रा विनिमय की दरों को पखवाड़े के बजाय दैनिक आधार पर जारी करने की व्यवस्था जल्द ही शुरू करने वाला है।

दैनिक आधार पर मुद्रा विनिमय दर सीमा शुल्क या कस्टम पोर्टल पर जारी होने से विनिमय दरों में होने वाले उतार-चढ़ाव पर नजर रखने में मदद मिलेगी और आयातकों एवं निर्यातकों को दैनिक दरों के आधार पर सीमा-शुल्क दरों की गणना करने में मदद मिलेगी। फिलहाल सीबीआईसी हर पखवाड़े 22 मुद्राओं की विनिमय दरों को अधिसूचित करता है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से हासिल दरों के आधार पर सीबीआईसी यह काम हर महीने के पहले और तीसरे बृहस्पतिवार को करता है। उसके अगले दिन से ही नई दर लागू हो जाती है।

एक अधिकारी ने कहा कि विनिमय दरों की अधिसूचना की समूची प्रक्रिया को अब स्वचालित किया जाएगा। एसबीआई से मिलने वाली दरों को हर दिन निकटतम पांच अंक तक समायोजित किया जाएगा और उसे भारतीय सीमा-शुल्क ईडीआई प्रणाली के साथ एकीकृत करने के बाद शाम छह बजे तक 'इंडियन कस्टम्स नेशनल ट्रेड पोर्टल' (आईसगेट) पर डाला जाएगा।

अधिकारी ने कहा, 'मुद्राओं की विनिमय दरों में होने वाले उतार-चढ़ाव पर करीबी नजर रखने के लिए सीबीआईसी ने आईसगेट पोर्टल पर हर दिन 22 मुद्राओं की विनिमय दरें प्रकाशित करने का फैसला किया है। इस बारे में हितधारकों के साथ सलाह-मशविरा चल रहा है और प्रणाली को जल्द ही लागू कर दिया जाएगा।' इस योजना के मुताबिक, अवकाश के दिनों पर एसबीआई की तरफ से विनिमय दरें जारी नहीं होने की स्थिति में एक दिन पहले की दरें ही लागू होंगी। इस प्रस्तावित बदलाव को एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ साझेदार रजत मोहन ने कहा कि इससे विनिमय दरों में उतार-चढाव की वजह से सीमा-शुल्क की गणना में होने वाली गलतियों को दूर करने में मदद मिलेगी।

- कस्टम पोर्टल पर यह दरें जारी करने की हो रही है तैयारी
- इससे विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव पर रखी जा सकेगी नजर
- इससे सीमा शुल्क की गणना में होगी काफी ज्यादा आसानी
- फिलहाल स्टेट बैंक से मिली दरों को जारी करता है सीबीआईसी
- भारतीय स्टेट बैंक सीबीआईसी को देता है कुल 22 मुद्राओं की दरें




## पिछड़ नहीं रही है भारतीय अर्थव्यवस्था : सान्याल

नई दिल्ली (भाषा)।

देश की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष (2023-24) में लगभग 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के सदस्य संजीव सान्याल ने यह अनुमान व्यक्त किया है। सान्याल ने भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में यह राय ऐसे समय जताई है जबकि कई बहुपक्षीय ऋण एजेंसियों ने भारत के वृद्धि दर के अनुमान में मामूली कटौती की है।

सान्याल ने एक बातचीत में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितताओं को देखते हुए भारत का प्रदर्शन स्पष्ट रूप से अन्य देशों की तुलना में कहीं बेहतर है। उन्होंने कहा, 'एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और विश्व बैंक ने इस साल के लिए वृद्धि दर के अनुमान को मामूली रूप से कम किया है।' चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों और उपभोग में सुस्ती के बीच विश्व बैंक और एडीबी ने हाल में चालू साल के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को मामूली रूप से घटाकर 6.3 से 6.4 प्रतिशत के बीच कर दिया है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 6.1 प्रतिशत से घटाकर 5.9 प्रतिशत कर दिया है। सान्याल के मुताबिक, 'यह कहना सही नहीं है कि हम पिछड़ रहे हैं, मेरा अपना आकलन इस साल की शुरुआत में प्रकाशित आर्थिक समीक्षा के अनुरूप है कि आर्थिक वृद्धि साढे छह प्रतिशत के आसपास होगी।

# भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर बना अमेरिका

- अब तक पहले स्थान पर रहा चीन दूसरे स्थान पर फिसला

नई दिल्ली (भाषा)।

अमेरिका बीते वित्त वर्ष 2022-23 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार (ट्रेड पार्टनर) बन गया है। दोनों देशों के बीच इस दौरान 128.55 अरब डालर का व्यापार हुआ। यह बताता है कि दोनों देशों में आर्थिक संबंध और मजबूत हो रहे हैं।



वाणिज्य मंत्रालय के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में 7.65 प्रतिशत वृद्धि के साथ 128.55 अरब डालर का हो गया। इससे पिछले वित्त वर्ष (2021-22) में दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 119.5 अरब डालर रहा था, वहीं 2020-21 में यह सिर्फ 80.51 अरब डालर था। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में भारत से अमेरिका में निर्यात 2.81 प्रतिशत वृद्धि के साथ 78.31 अरब डालर हो गया जो 2021-22 में 76.18 अरब डालर था। भारत में अमेरिका से आयात इस दौरान 16 प्रतिशत वृद्धि के साथ 50.24 अरब डालर हो गया।

वहीं दूसरी तरफ 2022-23 में भारत-चीन में व्यापार 1.5 प्रतिशत गिरावट के साथ 113.83 अरब डालर का रह गया, जो इससे पिछले वर्ष 115.42 अरब डालर था।

भारत से चीन के लिए 2022-23 में निर्यात 28 प्रतिशत गिरावट के साथ 15.32 अरब डालर रह गया, जबकि आयात 4.16 प्रतिशत वृद्धि के साथ 98.51 अरब डालर हो गया।

भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा 2022-23 में बढकर 83.2 अरब डालर हो गया, जो इससे पिछले साल 72.91 अरब डालर था। विशेषज्ञ मानते हैं कि अमेरिका से द्विपक्षीय व्यापार बढने का चलन आगामी वर्षों में जारी रहेगा। इसके साथ ही, भारत और अमेरिका आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

## हवाईअड्डों पर कैब सेवा जोन बनाएगी उबर

नई दिल्ली (भाषा)। आनलाइन कैब सेवा प्रदाता उबर ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के तहत संचालित होने वाले हवाईअड्डों पर अपने कैब सेवा जोन बनाने के लिए प्राधिकरण के साथ एक समझौता किया है।

उबर की भारत एवं दक्षिण एशिया इकाई के अध्यक्ष प्रभजीत सिंह ने एक बातचीत में कहा कि एएआई के कई हवाईअड्डों पर उबर कैब सेवा जोन बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इससे उबर हवाईअड्डा परिसर में ही समर्पित पिकअप एवं ड्रॉप प्वाइंट बनाने के साथ ही साझेदार ड्राइवरों को सुविधाजनक पार्किंग मुहैया करा पाएगी।




सिंह ने इस समझौते को वृद्धि के लिए एक अहम कदम बताते हुए कहा, 'इस तरह हम भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में शामिल विमानन क्षेत्र में अपनी भागीदारी कर पाएंगे।' उन्होंने कहा कि शहरों के रिहायशी इलाकों से हवाईअड्डों के आम तौर पर दूर होने से हवाईअड्डा तक आवाजाही कैब राजस्व का एक प्रमुख सोत होता है। उबर के कुल राजस्व में भी हवाईअड्डे तक आने-जाने के लिए कैब सेवाओं की हिस्सेदारी करीब 17 प्रतिशत है।

एएआई देश भर में करीब 137 हवाईअड्डों का परिचालन करता है जबकि उबर 120 से अधिक शहरों में कैब सेवाएं मुहैया कराती है।

# पाक में पेट्रोल ₹282 प्रति लीटर पर

इस्लामाबाद (भाषा)।

नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने पेट्रोल के दाम 10 रुपए लीटर बढा दिए हैं। गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे देश में मुद्रा के मूल्य में भारी गिरावट आई है। ऐसे में पहले से आसमान छूती महंगाई से परेशान जनता की दिक्कतें और बढ गई हैं।



ताजा वृद्धि के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल का दाम अब बढ़कर 282 रुपए लीटर हो गया है। वित्त मंत्री इशाक डार ने देर रात सीधे प्रसारण में कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा करते हुए कहा कि डीजल और हल्के डीजल तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इनके दाम क्रमशः 293 रुपए और 174.68 रुपए प्रति लीटर रहेंगे।

मिट्टी के तेल यानी केरोसिन के दाम भी 5.78 रुपए बढ़कर 186.07 रुपए प्रति लीटर हो गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा, 'नई कीमतें रविवार (16 अप्रैल) रात 12 बजे से प्रभावी होंगी।'

डार ने स्वीकार किया कि ये संशोधन जरूरी था, क्योंकि पिछले 15 दिन में अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों के दाम बढ़े हैं। पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) ने इस महीने की शुरुआत में उत्पादन में कटौती की घोषणा की थी। इसके बाद से कच्चे तेल के दाम बढ़ गए हैं।

## प्रिंस सलमान ने अरामको की 4% हिस्सेदारी सरकारी संपदा कोष में भेजी

दुबई (भाषा)।

सऊदी अरब की प्रमुख तेल कंपनी सऊदी अरामको की चार प्रतिशत हिस्सेदारी सऊदी सरकार ने सरकारी संपदा कोष की अनुषंगी के सुपुर्द कर दी है। सऊदी अरब के शहजादा मोहम्मद बिन सलमान ने रविवार को यह घोषणा की।

सऊदी शहजादे के इस ऐलान की जानकारी सरकार-संचालित सऊदी प्रेस एजेंसी ने दी। इस फैसले के बाद सनाबिल इन्वेस्टमेंट्स के नाम से जानी जाने वाली 'सऊदी अरेबियन इन्वेस्टमेंट कारपोरेशन' को हिस्सेदारी भेज दी गई। सनाबिल सरकारी संपदा कोष के अंतर्गत आता है, जिसे पब्लिक इनवेस्टमेंट फंड भी कहते हैं।

# बीते वित्त वर्ष में बिजली की खपत 9.5% बढ़ी

नई दिल्ली (भाषा)। देश में बिजली की खपत बीते वित्त वर्ष 2022-23 में सालाना आधार पर 9.5 प्रतिशत बढकर 1,503.65 अरब यूनिट (बीयू) हो गई। इसका मुख्य कारण आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि के बीच बिजली की मांग बढ़ना है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में बिजली की खपत 1,374.02 अरब यूनिट थी।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा जारी बिजली आपूर्ति के आंकड़ों के अनुसार, एक दिन में अधिकतम बिजली की आपूर्ति पिछले वित्त वर्ष में बढ़कर 207.23 गीगावॉट हो गई, जो 2021-22 में 200.53 गीगावाट थी। विशेषज्ञों का मानना है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में बिजली की खपत और मांग में काफी सुधार देखने को मिलेगा। बिजली मंत्रालय ने इन गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 229 गीगावॉट तक पहुंचने का अनुमान लगाया है।

मंत्रालय आयातित कोयला आधारित संयंत्रों को पूरी क्षमता से चलाने का पहले ही निर्देश दे चुका है। इसके अलावा मंत्रालय ने घरेलू कोयला आधारित संयंत्रों से गर्मियों में बिजली की भारी मांग को पूरा करने के लिए मिश्रण के लिए कोयला आयात करने को कहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि बिजली की खपत में बढोतरी से स्पष्ट पता चलता है कि देश में आर्थिक गतिविधियां सुधर रही हैं।

# भारत में यात्री वाहनों के टायर बनाएगी मिशेलिन

क्यूनेओ (इटली), (भाषा)। फ्रांस की प्रमुख टायर कंपनी मिशेलिन के समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) फ्लोरेंट मेनेगॉक्स का कहना है कि वह भारत में यात्री वाहनों के टायरों के उत्पादन के बारे में सक्रियता से विचार कर रहे है। स्थानीय तौर पर टायरों का विनिर्माण करने से टायर कंपनी को भारत में अपना परिचालन बढ़ाने में मदद मिलेगी। सरकार के 2020 में आयात पर प्रतिबंध लगाने के बाद यहां कंपनी का परिचालन काफी सीमित रह गया है।

टायर विनिर्माता कंपनी के 67 संयंत्र है और यह 175 देशों में अपना व्यापार करती है। कंपनी वर्तमान में सिर्फप्रीमियम बड़े आकार के टायर ही बेचती है, विशेषकर जिनका भारत में उपयोग किया जाता है। सरकार ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 2020 में मोटर कारों, बसों, लॉरी और मोटरसाइकिलों में उपयोग किए जाने वाले विशेष नए टायरों के आयात पर रोक लगा दी थी। टायर कंपनियां अब सीमित आयात लाइसेंस के अंतर्गत देश में सिर्फ सीमित संख्या में टायरों का आयात कर सकती है, जबकि 2020 से पहले ऐसा नहीं था। एक बातचीत में मेनेगॉक्स ने कहा कि कंपनी समूह भारत को एक अच्छे विकासशील बाजार के रूप में देखता है।

## एफपीआई ने अप्रैल में अब तक शेयर बाजारों में 8,767 करोड़ रुपए डाले

नई दिल्ली (भाषा)।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में अब तक भारतीय शेयर बाजारों में 8,767 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में एफपीआई शुद्ध बिकवाल रहे थे।

कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की सख्त मौद्रिक नीति को देखते हुए आगे चलकर एफपीआई प्रवाह में उतार-चढ़ाव जारी रहने के आसार हैं।

# विलय और अधिग्रहण के लिए इन्फोसिस तैयार

- कंपनी के सीईओ सलिल पारेख ने कहा, अच्छे प्रस्ताव आए तो उन पर किया जाएगा विचार



नई दिल्ली (भाषा)।

इन्फोसिस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सलिल पारेख ने कहा है कि वर्तमान में अधिग्रहण और विलय के क्षेत्र में अच्छा माहौल है। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी मजबूत रणनीतिक और सांस्कृतिक प्रस्ताव देने वाली कंपनियों पर विचार करेगी।

पारेख ने कहा, 'इन्फोसिस जहां अधिग्रहण के लिए अच्छे प्रस्तावों पर हमेशा तैयार रहती है, वहीं ऐसे प्रस्ताव तलाश करने के लिए यह अच्छा माहौल है।' उन्होंने कहा कि इन्फोसिस अधिग्रहण और विलय के मामले में 'अच्छे प्रस्तावों को तलाश रही' है।

इन्फोसिस के शीर्ष अधिकारी ने मार्च, 2023 तिमाही के परिणामों की घोषणा करते हुए कहा, 'और यह एक अच्छा माहौल है। हमारे पास बहुत अच्छे आंकड़े है। अगर हमें कोई कंपनी या इकाई मिलती है, जो रणनीतिक के साथ सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त लगती हो तो हम उस पर विचार करेंगे।' वह एक प्रश्न का जवाब दे रहे थे कि क्या अमेरिका का कमजोर व्यापक माहौल और वैश्विक अस्थिरता विलय और अधिग्रहण के क्षेत्र में लाभदायक माहौल दे रहा है।

इन्फोसिस ने इसी सप्ताह मार्च, 2023 तिमाही परिणाम जारी किए है। मार्च तिमाही में कंपनी के शुद्ध लाभ में अपेक्षा से कम वृद्धि हुई है। इसके बाद कंपनी ने अमेरिका के बैंकिंग बाजार में डंवाडोल स्थिति के बाद वित्त वर्ष 2023-24 के लिए चार-सात प्रतिशत का राजस्व वृद्धि अनुमान जारी किया है।

भारत की दूसरी सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर सेवाप्रदाता कंपनी ने जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत वृद्धि के साथ 6,128 करोड़ रुपए दर्ज किया। इससे पिछली अक्टूबर-दिसम्बर तिमाही से लाभ में सात प्रतिशत की गिरावट आई है।

# ईपीएल: सिटी 3-1 से जीता, हालैंड ने दागा सत्र का रिकॉर्ड 32वां गोल

एजेंसी ⏭ मैनचेस्टर

एर्लिंग हालैंड ने शनिवार को यहां दो गोल दागकर इंग्लिश प्रीमियर लीग के एक सत्र में सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड की बराबरी की जिससे मैनचेस्टर सिटी ने लीसेस्टर को 3-1 से हरा दिया। इस जीत से गत चैंपियन सिटी की टीम शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल से सिर्फ तीन अंक पीछे रह गई है। आर्सेनल के 30 मैच में 73 जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद सिटी के इतने ही मैचों में 70 अंक हैं। लीसेस्टर के खिलाफ हालैंड सिर्फ मध्यांतर तक खेले लेकिन नॉर्वे के इस अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर ने इस दौरान दो गोल दागे। उन्होंने एक गोल पेनल्टी पर किया जबकि दूसरा गोल केविन डि ब्रून के थ्रो बॉल पर दागा।

■ आर्सेनल के 30 मैच में 73 जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद सिटी के 70 अंक



### सालाह की बराबरी की

*हालैंड के नाम मौजूदा सत्र में अब 32 गोल हो गए हैं और उन्होंने लिवरपूल के मोहम्मद सालाह की बराबरी की जिन्होंने 2017-18 में 38 मैच के ईपीएल सत्र में इतने गोल दागे थे। हालैंड के पास 42 मैच के सत्र का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका होगा जो 34 गोल का है। यह रिकॉर्ड एंडी कोल (न्यूकासल की ओर से 1993-94 में) और एलेन शियरर (ब्लैकबर्न की ओर से 1994-95 में) के नाम दर्ज है। चेल्सी को इस बीच ब्राइटन के खिलाफ 1-2 की शिकस्त झेलनी पड़ी जो फ्रेंक लैंपर्ड के मार्गदर्शन में टीम की लगातार तीसरी हार है।*

## एमबाप्पे ने फ्रेंच लीग में सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड बनाया, दागा 139वां गोल



पेरिस। काइलियान एमबाप्पे और लियोनल मेसी के गोल से शीर्ष पर चल रहे पेरिस सेंट जर्मेन ने दूसरे स्थान पर चल रहे लेन्स को 3-1 से हराकर अपनी बढ़त नौ अंक की कर ली। लेन्स की टीम को हालांकि 19वें मिनट के बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा क्योंकि अचरफ हकीमी के खिलाफ फाउल के बाद मिडफील्डर सेलिस अब्दुल समद को मुकाबले से बाहर कर दिया गया। मौजूदा सत्र में एडिनसन केवानी के 200 गोल के आंकड़े को पीछे छोड़कर पीएसजी के सर्वकालिक सबसे सफल खिलाड़ी बने एमबाप्पे शनिवार को एक और गोल करके 139 गोल के साथ लीग वन में पीएसजी के सबसे सफल खिलाड़ी बने। केवानी ने इससे पहले 138 गोल दागे थे। कुल मिलाकर पीएसजी की ओर से एमबाप्पे 203 गोल कर चुके हैं।

## रियल मैड्रिड ने केडिज को हराया

बार्सीलोना। रियल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में चेल्सी के खिलाफ मुकाबले से पहले कई शीर्ष खिलाड़ियों को आराम देने के बावजूद स्पेनिश लीग फुटबॉल में केडिज को 2-0 से हरा दिया। मैड्रिड की ओर से दूसरे हॉफ में नैचो (72वें मिनट) और मार्को एसेंसियो (76वें मिनट) ने गोल दागे। दूसरे स्थान पर चल रही मैड्रिड की टीम इस जीत के बावजूद शीर्ष पर चल रहे बार्सीलोना से 10 अंक पीछे है। रियल बेटिस इस बीच इस्पानयोल को 3-1 से हराकर शीर्ष चार में जगह बनाने के करीब पहुंच गया है जो उसे चैंपियन्स लीग में जगह दिला देगा। बेटिस की टीम अब पांचवें स्थान पर पहुंच गई है और चौथे स्थान पर मौजूद रियल सोसीदाद से सिर्फ तीन अंक पीछे है जिसे एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ 0-2 से हार झेलनी पड़ी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 |
| गुजरात | 5 | 3 | 2 | 6 |
| पंजाब | 5 | 3 | 2 | 6 |
| कोलकाता | 5 | 2 | 3 | 4 |
| चेन्नई | 4 | 2 | 2 | 4 |
| बेंगलोर | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 4 | 4 | 2 | 4 |
| हैदराबाद | 4 | 2 | 2 | 4 |
| दिल्ली | 5 | 0 | 5 | 0 |



औरेंज कैप
वेंकटेश
234 रन

पर्पल कैप
मार्क वुड
11 विकेट

### खबर संक्षेप



#### कप्तानी कभी राहुल को परेशान नहीं करती

लखनऊ। लखनऊ सुपर जाइंट्स के क्षेत्ररक्षण कोच जोंटी रोड्स ने कप्तान लोकेश राहुल के आईपीएल 2023 में पहला अर्धशतक जड़ने के बाद कहा कि यह सलामी बल्लेबाज कभी भी कप्तानी से 'परेशान' नहीं होता। राहुल ने शनिवार को यहां 56 गेंद में 74 रन बनाए लेकिन उनकी टीम को दो विकेट से हार का सामना करना पड़ा। रोड्स ने कहा, 'कप्तान वह है जो आगे बढ़कर नेतृत्व करना पसंद करता है। वह सभी आईपीएल में हमेशा एक सफल, दबदबा बनाने वाला बल्लेबाज रहा है। कप्तानी ऐसी चीज नहीं है जिसने उसे कभी परेशान किया हो।'

#### राणा और शौकीन के बीच तीखी बहस

मुंबई। भारतीय घरेलू क्रिकेट के दो खिलाड़ियों की प्रतिद्वंद्विता रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में भी देखने को मिली जब कोलकाता



नाइट राइडर्स के कप्तान नितीश राणा और मुंबई इंडियन्स के स्पिनर ऋतिक शौकीन के बीच तीखी बहस हुई। यह घटना पहले बल्लेबाजी कर रहे केकेआर की पारी के नौवें ओवर में हुई जब शौकीन ने राणा को आउट करने के बाद उनसे कुछ कहा। केकेआर के कप्तान इससे भड़क गए और उन्होंने भी वापस लौटते हुए गेंदबाज से कुछ कहा।

#### मिल्खा की जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल

चंडीगढ़। महान हॉकी खिलाड़ी बलबीर सिंह सीनियर और दिग्गज एथलीट मिल्खा सिंह सहित चार दिग्गज खिलाड़ियों की जीवन गाथा



को पंजाब के स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने यह बात कही। कक्षा नौ और 10 की शारीरिक शिक्षा की पाठ्य पुस्तकों में बलबीर सिंह सीनियर और मिल्खा सिंह की जीवन गाथाओं को शामिल किया गया है।

## आईपीएल : मुंबई की चार मैचों में दूसरी जीत, केकेआर की तीसरी हार

# वेंकटेश का शतक बेकार, मुंबई ने कोलकाता को 5 विकेट से हराया

एजेंसी ⏭ मुंबई

मुंबई इंडियंस ने वेंकटेश अय्यर के रिकॉर्ड शतक पर पानी फेर कर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां 14 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से आसान जीत दर्ज की। वेंकटेश अय्यर ने 51 गेंदों पर 104 रन बनाए। केकेआर ने छह विकेट पर 185 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। जवाब में मुंबई ने 17.4 ओवर में पांच विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली।

मुंबई ईशान किशन (58 रन) और रोहित (20 रन) ने पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़कर मुंबई को धमाकेदार शुरुआत दिलाई। फॉर्म में वापसी करने वाले कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव (43 रन) और तिलक वर्मा (30 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। टिम डेविड 13 गेंदों पर 24 रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई की चार मैचों में यह दूसरी जीत है जबकि केकेआर को पांच मैचों में तीसरी हार का सामना करना पड़ा।



### सूर्यकुमार पर 12 लाख रुपए का जुर्माना

मुंबई। मुंबई इंडियंस के कप्तान सूर्यकुमार यादव पर धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुप का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल की न्यूनतम ओवर-गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए कप्तान सूर्यकुमार पर 12 लाख रुप का जुर्माना लगाया गया। मुंबई ने इस मैच को पांच विकेट से जीता।

### फॉर्म में लौटे सूर्यकुमार, 25 गेंदों में बनाए 43 रन

पिछले मैच में गोल्डन डक पर आउट होने का हिसाब सूर्यकुमार यादव ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बखूबी अंदाज में चुकता कर दिया है। आईपीएल 2023 में पहली बार सूर्या का बल्ला चला और क्या खूब चला। केकेआर के खिलाफ कप्तानी संभालते ही मानो सूर्यकुमार की किस्मत पलट गई और मायानगरी में मुंबई के बल्लेबाज ने जमकर धमाल मचाया। सूर्यकुमार ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 25 गेंदों 43 रनों की विस्फोटक पारी खेली। 43 रनों की विस्फोटक पारी के दौरान सूर्या अपने उसी पुराने अंदाज में नजर आए और उन्होंने केकेआर के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। 172 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए सूर्या ने अपनी पारी के दौरान 4 चौके और 3 गगनचुंबी छक्के जमाए। सूर्या ने इससे पहले खेले 4 मैचों में मात्र 27 रन बनाए थे और वह एक दफा जीरो पर भी पवेलियन लौटे थे।

### वेंकटेश ने ठोका शतक

वेंकटेश अय्यर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए वेंकटेश ने अपनी शतकीय पारी के दौरान 5 चौके और 9 गगनचुंबी छक्के जमाए। अय्यर ने चौकों छक्कों से ही 78 रन बनाए। 49 गेंदों में शतक और 51 गेंदों में 104 रन बनाकर आउट हुए। यह उनके आईपीएल कॅरियर की पहली सेंचुरी है। कोलकाता के लिए यह दूसरा और 15 साल बाद पहला शतक है। पहले सीजन 2008 में बैंडन मक्कुलम ने शतक जमाया था।

स्कोर बोर्ड

| केकेआर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज का यानसन बो चावला | 08 | 12 | 0 | 0 |
| जगदीशन का शौकीन बो ग्रीन | 00 | 05 | 0 | 0 |
| वेंकटेश का यानसन बो मेरेडिथ | 104 | 51 | 6 | 9 |
| राणा का स्था. रमनदीप बो शौकीन | 05 | 10 | 0 | 0 |
| ठाकुर का तिलक वर्मा बो शौकीन | 13 | 11 | 1 | 0 |
| रिंकू सिंह का वढेरा बो यानसन | 18 | 18 | 2 | 0 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 21 | 11 | 3 | 1 |
| सुनील नारायण नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 14 , कुल : 20 ओवर में 185/6
गेंदबाजी : तेंदुलकर 2-0-17-0, ग्रीन 2-020-1, यानसन 4-0-53-1, चावला 4-0-19-1, शौकीन 4-0-34-2, मेरेडिथ 4-0-40-1.

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का उमेश बो सुयश | 20 | 13 | 1 | 2 |
| इशान किशन बो चक्रवर्ती | 58 | 25 | 5 | 5 |
| सूर्यकुमार का गुरबाज बो ठाकुर | 43 | 25 | 4 | 3 |
| तिलक वर्मा बो सुयश | 30 | 25 | 3 | 1 |
| टिम डेविड नाबाद | 24 | 13 | 1 | 2 |
| वढेरा का गुरबाज बो फर्ग्यूसन | 06 | 04 | 1 | 0 |
| कैमरून ग्रीन नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 17.4 ओवर में 186/5
गेंदबाजी : उमेश 2-0-19-0, ठाकुर 2-0-25-1, नारायण 3-0-41-0, सुयश 4-0-27-2, चक्रवर्ती4-0-38-1, फर्ग्यूसन 1.4- 0-19-1, आंद्रे रसेल 1-0-17-0.

# राजस्थान की चौथी जीत गुजरात को दी शिकस्त

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

कप्तान संजू सैमसन (60) और शिमरोन हेटमायर (नाबाद 56) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने बेहद खराब शुरुआत से उबरते हुए इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हराया। पिछले सत्र का फाइनल खेलने वाली टीमों के मुकाबले में राजस्थान ने गुजरात को सात विकेट पर 177 रन पर रोकने के बाद 19.2 ओवर में सात विकेट पर 179 रन बनाकर मैच जीत लिया।

राजस्थान की यह पांच मैचों में चौथी जीत है और टीम तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। गुजरात इतने ही मैचों में तीन जीत से तीसरे स्थान पर



है। सैमसन ने 32 गेंद की पारी में तीन चौके और छह छक्के जड़े जबकि हेटमायर ने 26 गेंद की नाबाद पारी में दो चौका और पांच छक्का जड़ा। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 27 गेंद में 59 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी कराई।

### बटलर 7 साल बाद जीरो पर आउट

*राजस्थान के ओपनर जोस बटलर जीरो पर आउट हुए। उन्हें मोहम्मद शमी ने बोल्ड कर दिया। बटलर 7 साल बाद शून्य पर आउट हुए हैं। इससे पहले वे 2017 आरपीएस के खिलाफ डक का शिकर हुए थे। बटलर ने इन दोनों डक के बीच 86 पारियां खेलीं। वे दो डक के बीच सबसे ज्यादा पारियां खेलने के मामले में स्टीव स्मिथ के बाद दूसरे स्थान पर हैं।*

स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहा का एवं बो बोल्ट | 04 | 03 | 1 | 0 |
| गिल का बटलर बो संदीप | 45 | 34 | 4 | 1 |
| सुदर्शन रन आउट | 20 | 19 | 2 | 0 |
| पंड्या का जायसवाल बो चहल | 28 | 19 | 3 | 1 |
| मिलर का हेटमायर बो संदीप | 46 | 30 | 3 | 2 |
| मनोहर का पड़िक्कल बो जम्पा | 27 | 13 | 0 | 3 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |
| राशिद रन आउट | 01 | 01 | 0 | 0 |
| अल्जारी जोसेफ नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 177/7
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-46-1, संदीप 4-0-25-2, जम्पा 4-0-32-1, अश्विन 4-0-37-0, चहल 4-0-36-1.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का गिल बो हार्दिक | 01 | 07 | 0 | 0 |
| जॉस बटलर बो शमी | 00 | 05 | 0 | 0 |
| देवदत्त का मोहित बो राशिद | 26 | 25 | 2 | 2 |
| संजू सैमसन का मिलर बो नूर | 60 | 32 | 3 | 6 |
| पराग का मिलर बो राशिद | 05 | 07 | 0 | 0 |
| शिमरॉन हेटमायर नाबाद | 56 | 26 | 2 | 5 |
| ध्रुव जुरेल का मोहित बो शमी | 18 | 10 | 2 | 1 |
| अश्विन का तेवतिया बो शमी | 10 | 03 | 1 | 1 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 19.2 ओवर में 179/7
गेंदबाजी : शमी 4-0-25-3, पंड्या 4-0-24-1, जोसेफ 3-0-47-0, राशिद 4-0-46-2, मोहित 2-0-7-0, नूर अहमद 2.2-0-29-1.

## बाबर के शतक से पाकिस्तान की न्यूजीलैंड पर आसान जीत

एजेंसी ⏭ लाहौर

कप्तान बाबर आजम के नाबाद शतक से पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 38 रन की आसान जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने दो दिन में दूसरी बार टॉस जीतकर बाबर की 58 गेंद में नाबाद 101 रन की पारी से चार विकेट पर 192 रन का स्कोर खड़ा किया।

■ 38 रन से जीता मैच, टी20 सीरीज में बनाई 2-0 की बढ़त

पाकिस्तान दौरे पर इंडियन प्रीमियर लीग में खेल रहे आठ मुख्य खिलाड़ियों और चोटिल केन विलियमसन के बिना आई



न्यूजीलैंड की टीम हारिस राउफ (27 रन पर चार विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने सात विकेट पर 154 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने पांच मैच की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है।

### रणजी ट्रॉफी विजेता को अब मिलेगा पांच करोड़

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बॉर्ड ने रविवार को घरेलू टूर्नामेंटों की इनामी राशि में इजाफा करने की घोषणा की जिससे रणजी ट्रॉफी विजेता को इस सत्र से पांच करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी। रणजी ट्रॉफी विजेता को पुरस्कार के तौर पर अब तक दो करोड़ रुपए मिलते थे लेकिन नए ढांचे के अनुसार उन्हें पांच करोड़ रुपए मिलेंगे, जबकि उपविजेता और सेमीफाइनल हारने वालों को क्रमशः तीन करोड़ रुपए और एक-एक करोड़ रुपए मिलेंगे। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक ट्वीट में कहा, 'मुझे बीसीसीआई के सभी घरेलू टूर्नामेंटों के लिए पुरस्कार राशि में वृद्धि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।' सीनियर महिला टूर्नामेंट के विजेता को 50 लाख रुपए (पहले छह लाख था) मिलेंगे।' ईरानी कप के लिए नकद पुरस्कार भी दोगुना कर दिया गया है, जिसमें विजेता को 25 लाख रुपए के बजाय 50 लाख रुपए दिए जाएंगे।

# करुणारत्ने का 15वां, मेंडिस का 7वां शतक, 281 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी

एजेंसी ⏭ गॉल

श्रीलंका और आयरलैंड के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले टेस्ट के पहले मैच में श्रीलंकाई टीम का प्रदर्शन बेहद ही शानदार रहा। श्रीलंका की तरफ से कप्तान दिमुथ करुणारत्ने ने 235 गेंदों पर 179 रनों की तूफानी पारी खेली। उनके अलावा कुसल मेंडिस ने 140 रन बनाए। इस दौरान पहले दिन स्टंप तक श्रीलंका ने 4 विकेट के नुकसान पर 386 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों ने दमदार शतक और कमाल की पार्टनरशिप के साथ ही टेस्ट में इतिहास रच दिया है।

■ आयरलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में पहले दिन चार विकेट पर बनाए 386 रन



### तीसरी सबसे हाईस्ट भागीदारी

*दरअसल, श्रीलंका बनाम आयरलैंड के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट में दिमुथ करुणारत्ने और कुसल मेंडिस के बीच 281 रनों की साझेदारी हुई। ये पार्टनरशिप गॉल में किसी बल्लेबाजों द्वारा सबसे ज्यादा रनों की रही। इसके अलावा श्रीलंकाई टीम की तरफ से ये साझेदारी तीसरी सबसे हाईस्ट रही। बता दें कि करुणारत्ने ने 2012 में अपना टेस्ट डेब्यू किया था और लगभग एक दशक लंबे कॅरियर में उन्होंने लगभग 40 की औसत से 6,300 से ज्यादा रन बना लिए हैं। इस दौरान वह 15 शतक और 35 अर्धशतक लगा चुके हैं। वहीं, टेस्ट क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 244 रन का रहा है। करुणारत्ने श्रीलंका के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में पांचवें खिलाड़ी बने।*

## यौन उत्पीड़न के आरोपों पर पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण का बयान

# नहीं लड़ूंगा डब्लूएफआई अध्यक्ष पद का चुनाव

⏭ गोंडा

अपने खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों पर सरकारी पैनल की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे बृज भूषण शरण सिंह ने रविवार को पुष्टि की



कि वह सात मई को होने वाले भारतीय कुश्ती महासंघ चुनाव में अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे, लेकिन उन्होंने संकेत दिए कि वह महासंघ में नई भूमिका तलाश सकते हैं।

डब्लूएफआई ने महासचिव वीएन प्रसाद की अध्यक्षता में अपनी आम परिषद और कार्यकारी समिति की आपात बैठक में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। बृजभूषण डब्लूएफआई के अध्यक्ष के रूप में चार-चार साल के तीन कार्यकाल पूरा



कर चुके हैं और खेल संहिता के अनुसार 12 साल तक अध्यक्ष रहने के बाद वह फिर से इस पद के लिए चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। बृजभूषण ने बैठक के बाद कहा, 'हमें पहले चुनाव कराने थे लेकिन हाल के विवाद के कारण हम चुनाव नहीं करा पाए लेकिन हम अब आगे बढ़ेंगे। मैं खेल संहिता का पालन करूंगा और अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ूंगा।' तो क्या इसका मतलब है कि वह डब्ल्यूएफआई से नहीं जुड़े रहेंगे, उन्होंने कहा, 'मैंने कहा है कि मैं अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं करुंगा मैंने यह नहीं कहा कि मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा।' बृजभूषण अभी 66 साल के हैं और उन्हें पदाधिकारी के पद के लिए चुनाव लड़ने की पात्रता हासिल करने के लिए चार साल के 'कूलिंग ऑफ पीरयड' से गुजरना होगा। हालांकि वह डब्लूएफआई की पांच सदस्यीय कार्यकारी समिति के सदस्य बने रह सकते हैं।

### समिति की रिपोर्ट का इंतजार

*यह पूछे जाने पर कि देश के चोटी के पहलवानों द्वारा उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न और डराने धमकाने के आरोपों को देखते हुए क्या उन्हें एजीएम में भाग लेने की अनुमति मिल गई थी। उन्होंने कहा, 'मुझे लिखित रूप से तीन सप्ताह तक कामकाज से दूर रहने के लिए कहा गया था जिसे बाद में छह सप्ताह तक बढ़ा दिया गया था और मैंने ऐसा किया। मैं आईओए और निगरानी पैनल की सुनवाई में उपस्थित हुआ था। मैं अब डब्लूएफआई पदाधिकारी के रूप में काम कर सकता हूं। किसी नियम को तोड़ने का कोई सवाल नहीं उठता है।' बृज भूषण ने कहा, 'समिति का निष्कर्ष सरकार के पास है और मैं रिपोर्ट का इंतजार कर रहा हूं।''*

# धोनी चोट से हुए परेशान बढ़ी चेन्नई की धड़कनें



एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम सोमवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ जब मैदान पर उतरेगी तो उसकी नजरें बीच के ओवरों में रन गति बढ़ाने पर टिकी होंगी। साथ ही टीम को उम्मीद होगी कि घुटने की हल्की चोट के बावजूद उसके प्रेरणादायी कप्तान महेंद्र सिंह धोनी मैच में खेलेंगे। अब तक उतार-चढ़ाव भरे अभियान के बाद दक्षिण भारत की ये दो टीम जब चिन्नास्वामी स्टेडियम में आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें लय हासिल करने पर टिकी होंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत से ही धोनी अपने घुटने को लेकर परेशान हैं लेकिन अब तक उन्होंने टीम की ओर से चारों मुकाबले खेले हैं। सुपरकिंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन को उम्मीद है कि धोनी आरसीबी के खिलाफ टीम की अगुआई करेंगे।

■ चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बीच मैच आज

## पत्रकारों की सुरक्षा के लिए एसओपी बनाएगा केंद्र

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय पत्रकारों की सुरक्षा के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करेगा। सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि उत्तर प्रदेश में माफिया अतीक अहमद और अशरफ की शनिवार रात हत्या की घटना के बाद गृह मंत्रालय की ओर से यह कदम उठाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को प्रयागराज में जब पुलिस मेडिकल के लिए अस्पताल ले जा रही थी उसी समय कथित रूप से पत्रकार के रूप में आए कुछ लोगों ने पुलिस बल और मीडिया की मौजूदगी में गोली मारकर अतीक तथा उसके भाई की हत्या कर दी। बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड के सिलसिले में पुलिस हिरासत में चल रहे दोनों माफिया घटना के समय मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

## हैदराबाद में आग से परिवार के तीन लोगों की हुई मौत

**हैदराबाद, (एजेंसी)।** तेलंगाना में रविवार तड़के एक लकड़ी के डिपो में आग लगने से पांच वर्षीय बच्चे सहित एक ही परिवार के तीन सदस्यों की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने यहां बताया कि यह घटना शहर के कुशसाईगुड़ा में रविवार तड़के करीब तीन बजे हुई। इस इलाके में एक लकड़ी के डिपो में लगी भीषण आग पास के घरों में फैल गयी। जहां एक घर के तीन सदस्य नरेश, उसकी पत्नी और पुत्र आग की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों की सूचना पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर, कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बहरहाल, शवों को पीएम के लिए गांधी अस्पताल भेज दिया गया।

## पाक में धार्मिक मामलों के मंत्री कार हादसे में नहीं रहे

**इस्लामाबाद, (एजेसी)।** पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्री अब्दुल शकूर की इस्लामाबाद में एक कार दुर्घटना में निधन हो गया। यह जानकारी रविवार को स्थानीय मीडिया ने दी। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने पुलिस के हवाले से कहा कि यह घटना शनिवार को हुई। मंत्री की कार को कथित रूप से हिलक्स रेवो नामक वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे श्री शकूर के सिर में चोट लगी और उसकी घटनास्थल पर ही निधन हो गया। हिलक्स रेवो में सवार पांच लोगों को हिरासत में लिया गया। पाकिस्तानी राष्ट्रपति आरिफ अल्वी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने श्री शकूर के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

## बुर्किना फासो में जिहादियों का हमला, 40 की मौत

**ओगाडौगू, (एजेंसी)।** पश्चिम अफ्रीकी देश बुर्किना फासो में संदिग्ध जिहादियों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। जिहादियों ने 40 लोगों के मौत के घाट उतार दिया है। इस बात की पुष्टि बुर्किना फासो के गवर्नर ने खुद की है। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में अल कायदा और आईएस से जुड़े इस्लामी संगठनों का कब्जा है. अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि हमलों को किस संगठन ने अंजाम दिया। बता दें कि अभी बीते गुरुवार को ही ऐसी घटना देखने को मिली थी, जब अज्ञात हमलावरों ने हमला कर 44 लोगों की हत्या कर दी थी। तब बुर्किना फासो के साहेल क्षेत्र के कौराकोउ और तोंडोबीगांव को निशाना बनाया था। इस हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए थे।

## बांग्लादेश में भारतीय कैदी बाबुल सिंह की मौत

**ढाका, (एजेंसी)।** बांग्लादेश की शरीयतपुर जिला जेल में भारतीय कैदी बाबुल सिंह की मौत हो गई। वह शनिवार रात जेल में बीमार था। बाद में, उसे शाम मे लभगभ साढ़े सात बजे जिले के सदर अस्पताल में भर्ती किया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इससे पहले पांच जनवरी को सतेंद्र कुमार (40) नामक एक अन्य भारतीय की भी जिला जेल में मौत हो गई थी। बाबुल सिंह 17 मई, 2022 को पद्मा ब्रिज के जजीरा किनारे के टोल प्लाजा इलाके से गिरफ्तार किया गया था। बाद में पुलिस ने इनफ्रंट कंट्रोल एक्ट के अंतर्गत शरीयतपुर जिला जेल भेज दिया था। प्रोथोम-अलो ने कहा कि बाबुल सिंह की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

## आज का इतिहास

- **1524:** जियोवान्नी वेराजानो ने न्यूयॉर्क खाड़ी की खोज की।
- **1875:** सर नेविले चैंबरलिन ने स्नूकर का अविष्कार किया।
- **1895:** जापान और चीन के बीच शिमोनोसेकी का समझौता हुआ।
- 1899 – कलकत्ता (अब कोलकाता) को पनबिजली मिली।
- 1941 – द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यूगोस्लाविया ने जर्मनी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
- 1946 – सीरिया ने फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल की।
- 1971 – मिस्र, लीबिया और सीरिया ने मिलकर यूनाइटेड अरब स्टेट बनाने के लिए संघ का गठन किया।
- 1975 – भारत के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का निधन।

# भीड़ के पीछे मत भागो, कुछ ऐसा करो जिससे भीड़ तुम्हारे कदमों पर चले : गृह मंत्री शाह

### *समाजसेवक अप्पासाहेब धर्माधिकारी महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार से सम्मानित*

**मुंबई, (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को रायगढ़ जिले में कहा कि भीड़ के पीछे भागो, कुछ ऐसा करो जिससे भीड़ तुम्हारे कदमों पर चले।

अमित शाह ने कहा कि अप्पासाहेब धर्माधिकारी ने समाजसेवा में ऐसा ही कुछ किया, जिससे आज उनके सम्मान समारोह में इतनी ज्यादा तादाद में भीड़ इकठ्ठा हुई है। रायगढ़ जिले में आयोजित समाजसेवक अप्पासाहेब धर्माधिकारी को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हाथों महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार दिया गया। मौके पर सूबे के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और डिप्टी देवेंद्र फडणवीस उपस्थित थे। शाह ने कहा कि बिना किसी प्रचार की अपेक्षा के सामाजिक कार्य करने वाले समाजसेवी के सम्मान में इतनी बड़ी भीड़ पहली बार आई है। आप सभी इतनी तेज धूप में बैठे हैं, जिससे अप्पासाहेब के लिए आपके मन में प्रेम, आदर और विश्वास का भाव झलकता है।

ऐसा सम्मान, सम्मान और विश्वास त्याग, समर्पण और सेवा से ही प्राप्त किया जा सकता है। अप्पासाहेब में यह सब दिखता है। आपका प्यार और विश्वास ही उनकी उपलब्धियों का सम्मान है। अमित शाह ने कहा कि एक ही परिवार में वीरों की कई पीढ़ियां जन्म लेती हैं, लेकिन उन्होंने पहली बार देखा कि समाज सेवा की संस्कृति तीन पीढ़ियों तक लगातार चल रही है। अमित शाह ने कहा कि महाराष्ट ने देश को तीन परंपराएं दी हैं। यह महान छत्रपति शिवाजी महाराज की पावन भूमि है। राष्ट के लिए बलिदान की परंपरा छत्रपति शिवाजी महाराज से शुरू हुई। वीर सावरकर, वासुदेव बलवंत फड़के, चाफेकर बंधु और लोकमान्य तिलक जैसे लोगों ने महाराष्ट्र की धरती से देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। समर्थ रामदास से लेकर तुकाराम महाराज से लेकर नामदेव महाराज तक भक्ति की एक और परंपरा ने हमेशा देश को आगे बढ़ाने का काम किया है। तीसरी परंपरा सामाजिक परिवर्तन की है।

## ताज का दीदार, सेल्फी का क्रेज



उत्तर प्रदेश के शहर आगरा में रविवार को ताजमहल के सामने सेल्फी लेती महिलाएं। गौरतलब है ताज का दीदार करना हर इंसान का सपना होता है। उसका पूरा होना जीवन का अमूल्य पल बन गया।

### कर्नाटक : पूर्व मुख्यमंत्री शेट्टार ने भाजपा विधायक पद से दिया इस्तीफा

# भाजपा में बागियों के सुर हुए तेज

**सिरसी ■ एजेंसी**



कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश शेट्टार ने रविवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया लेकिन अभी उन्होंने भाजपा के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया है। श्री शेट्टार ने विधानसभा अध्यक्ष विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी से उनके आवास पर मुलाकात की और श्री हेगड़े से मुलाकत करने के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने अभी सिर्फ विधायक पद से इस्तीफा दिया है। पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से नहीं।श्री शेट्टार ने यह कदम तब उठाया है जब राज्य में 10 मई को विधानसभा चुनाव होने वाला है और उन्हें हुबली-धारवाड़ सेंट्रल से चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं दिया गया।

जब उनसे अगले कदम के बारे में पूछा गया तो श्री शेट्टार ने कहा कि वह अपने समर्थकों से बातचीत करने के बाद इस पर फैसला करेंगे। श्री शेट्टार की कांग्रेस में शामिल होने की बात पर कहा कि प्रतिद्वंद्वी पार्टी के किसी नेता से अबतक उनसे संपर्क नहीं किया है।इससे पहले हुबली में संवाददाताओं से बात करते हुए श्री शेट्टार ने कहा कि वह भाजपा छोड़ेंगे क्योंकि वहां उनका अपमान हुआ है और कहा कि उन्हें अपने राजनीतिक करियर में कभी उनके साथ ऐसा होने की उम्मीद नहीं की थी। हालांकि, उन्होंने चार दशकों तक पार्टी की सेवा करने का अवसर देने के लिए भाजपा के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। श्री शेट्टार ने कहा कि उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान के प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया, जैसे कि उन्हें पार्टी में उच्च पद प्रदान करना या परिवार के किसी सदस्य को चुनावी मैदान में उतारना।श्री शेट्टार ने पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के हवाले से कहा कि अगर उन्हें टिकट नहीं दिया गया तो राज्य में कम से कम भाजपा के 20 से 25 सीटें प्रभावित होंगी।

### येदियुरप्पा बोले- शेट्टार और सावदी को कभी माफ नहीं करेगी पार्टी

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और विधायक जगदीश शेट्टार ने शनिवार को भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। हुबली-धारवाड़ मध्य क्षेत्र से छह बार विधायक रह चुके शेट्टार को बीजेपी ने इस बार के विधानसभा चुनावों के लिए टिकट नहीं दिया। जिससे नाराज होकर जगदीश शेट्टार ने पार्टी छोड़ दी। इससे पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व डिप्टी सीएम लक्ष्मण सावदी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। वहीं अब राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने भी उनके इस्तीफे पर प्रतिक्रिया दी है। भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पार्टी जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी को कभी माफ नहीं करेगी। बता दें कि सूत्रों के हवाले से खबर थी कि इस सिलसिले में भाजपा ने शेट्टार को कई विकल्प दिए थे।

### जाति आधारित जनगणना रिपोर्ट सार्वजनिक करे केंद्र : राहुल गांधी

**बेंगलुरु, (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता और वायनाड से अयोग्य ठहराए गए सांसद राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी कर्नाटक को भाजपा सरकार की 40 प्रतिशत कमीशन की सरकार से मुक्त करेगी। श्री गांधी ने अपनी एक फेसबुक पोस्ट पर लिखा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कर्नाटक भाजपा सरकार की 40 प्रतिशत कमीशन की सरकार से मुक्त हो। वहीं उन्होंने रविवार को भाजपा सरकार पर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लोगों का अपमान करने का आरोप लगाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाति जनगणना सार्वजनिक करने की चुनौती दी। श्री गांधी कहा कि भाजपा का आरोप है कि मैंने इस देश के ओबीसी का अपमान किया है...दरअसल, संयुक्त प्रगतिशील (यूपीए) के सत्ता में रहने के दौरान जातिगत जनगणना की गई थी, लेकिन भाजपा ने सत्ता में आने के बाद डेटा छुपा लिया। आज भाजपा की केंद्र सरकार में अजा-जजा (एससी, एसटी) और ओबीसी का प्रतिनिधित्व केवल सात फीसदी है। उन्होंने यहां 'जय भारत' रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर जाति जनगणना रिपोर्ट सामने आती है, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि ओबीसी का अपमान कौन कर रहा है।



कर्नाटक को40 प्रतिशत कमीशन वाली भाजपा सरकार से मुक्त कराएगी कांग्रेस

## दुबई की इमारत में आग लगने से 16 की मौत

**दुबई, (एजेंसी)।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में दुबई की इमारत में आग लगने से 16 लोगों की मौत हो गई। हादसे में मरने वालों में केरल के एक दंपती समेत चार भारतीय भी शामिल हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आग दुबई के सबसे पुराने इलाकों में से एक अल-रास में स्थित इमारत की चौथी मंजिल में लगी और फिर अन्य इलाकों में भी फैल गई। अधिकारियों के मुताबिक हादसे में 16 लोगों की मौत हुई और नौ लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। दुबई में स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने हादसे में चार भारतीयों के मरने की पुष्टि की है। भारतीय वाणिज्य दूतावास में वरिष्ठ अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि मृतकों में रिजेश कलंगदान (38), उनकी पत्नी जेशी कंदमंगलथ (32), गुडू सलियाकुंडु (49) और इमामकासिम अब्दुल खदेर (43) शामिल हैं।

**मरने वालों में चार भारतीय**

## द्रमुक ने अन्नामलाई को भेजा 500 करोड़ का कानूनी नोटिस

**चेन्नई (एजेंसी)।** द्रमुक ने भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के.अन्नामलाई को कानूनी नोटिस भेजा है और उनसे हर्जाने के तौर पर 500 करोड़ रुपए तथा 48 घंटे के अंदर बिना शर्त माफी मांगने की मांग की है। द्रमुक ने श्री अन्नामलाई को यह नोटिस उनकी ओर से राज्य के सीएम एवं पार्टी प्रमुख एम.के.स्टालिन के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने तथा सत्तारूढ़ द्रमुक के शीर्ष नेताओं की संपत्ति का विवरण देने वाली 'द्रमुक फाइलों' की पहली सूची जारी करने को लेकर नोटिस भेजा है। श्री अन्नामलाई ने दो दिन पूर्व ही द्रमुक नेताओं की फाइलें जारी की थीं।

द्रमुक के ऑर्गनाइजिंग सचिव आर.एस.भारती की ओर से श्री अन्नामलाई को यह नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में उन्होंने मांग की कि श्री अन्नामलाई को 14 अप्रैल, 2023 को पीसी में अपने भाषण/आरोपों के लिए बिना शर्त सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

## अमेरिका में खतरनाक सामग्री से लदी ट्रेन पटरी से उतरी

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** अमेरिकी राज्य मेन के रॉकवुड के पास खतरनाक सामग्री से लदी एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। मेने राज्य के गवर्नर जैनेट मिल्स ने शनिवार को ट्विटर पर कहा कि मुझे समरसेट काउंटी में ट्रेन के पटरी से उतर जाने के बारे में जानकारी दी गई है। मेने फ़ॉरेस्ट सर्विस और मेन डीईपी [पर्यावरण संरक्षण विभाग] ने स्थानीय आपातकालीन कर्मियों के साथ प्रतिक्रिया दी है। साइट पर मौजूद अधिकारियों ने संकेत दिया है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य या सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है। रॉकवुड फायर एंड रेस्क्यू ने शनिवार को सोशल मीडिया के माध्यम से ट्रेन के पटरी से उतरने की जानकारी दी और स्थानीय निवासियों को दूर रहने की सलाह दी। हालांकि वहां से लोगों को हटाने के कोई आदेश जारी नहीं किये गये।

## एम्स में ईएनटी सर्जन की कांफ्रेंस में लाइव हुई जटिलतम छह्र सर्जरी

**देहरादून, (एजेंसी)।** उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित एम्स में 16वीं उत्तराखंड स्टेट एसोसिएशन ऑफ ईएनटी सर्जंस के तत्वावधान में हो रही स्टेट कांफ्रेंस के दूसरे दिन रविवार को छह मरीजों की जटिलतम लाइव सर्जरी की गई। जिसका एम्स ऑडिटोरियम में सीधा प्रसारण भी किया गया। इसके अलावा हेडन नैक विषय पर वर्चुअल डिसेक्शन भी हुआ। एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह की देखरेख में उत्तराखंड स्टेट एसोसिएशन ऑफ ईएनटी सर्जंस की ओर से आयोजित कांफ्रेंस में विशेषज्ञ चिकित्सकों के पैनल ने जटिल ऑपरेशन किए। जिसके अंतर्गत, डॉ. सतीश जैन की अगुवाई में एम्स के नाक, कान, गला (ईएनटी)विभाग के चिकित्सकों ने इससे जुड़ी कई तरह की बीमारियों से ग्रसित मरीजों की जटिलतम शल्य चिकित्सा की।

## अमृतसर में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराई गई खेप बरामद, तीन किलो हेरोइन जब्त

**जालंधर (एजेंसी)।** सीमा सुरक्षा (बीएसएफ) ने शनिवार को मादक पदार्थों की तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए अमृतसर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास पाक ड्रोन द्वारा गिराई गई नशीले पदार्थों की खेप जब्त की। बीएसएफ के पीआरओ ने रविवार को बताया कि शनिवार की रात लगभग साढे आठ बजे सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने गांव धनो कलां, जिला-अमृतसर के पास के क्षेत्र में पाक से भारतीय क्षेत्र में ड्रोन की आवाज सुनी। उन्होंने बताया कि निर्धारित अभियास के अनुसार, सैनिकों ने फायरिंग करके ड्रोन को रोकने तुरंत प्रतिक्रिया दी। सैनिकों ने गांव धनोए कलां के बाहरी इलाके में गेहूं के खेतों में ड्रोन और कुछ गिरने की आवाज भी सुनी। अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र की प्रारंभिक तलाशी के दौरान, बीएसएफ के जवानों ने धनोए कलां गांव के गेहूं के खेत से एक बड़ा बैग बरामद किया जिसमें हेरोइन के तीन पैकेट बरामद हुए।

## बीएसएफ ने पाकिस्तानी को पाक रेंजर्स को सौंपा

**जालंधर, (एजेंसी)।** बीएसएफ ने फिरोजपुर सेक्टर के इलाके में एक पाकिस्तानी नागरिक को भारतीय सीमा में प्रवेश करत हुए पकड़ा था जिसे शनिवार की शाम पाक रेंजर्स के हवाले कर दिया। बीएसएफ के पीआरओ ने बताया कि शनिवार की दोपहर सीमा पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने एक पाकिस्तानी नागरिक को फिरोजपुर जिले के गांव राजा राय के पास अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करते हुए पकड़ा था। पूछताछ के दौरान, यह पाया गया कि पकड़ा गया पाक नागरिक रहमत अली (72) निवासी कसूर (पाक) गलती से भारतीय क्षेत्र में आ गया था। व्यक्ति के पास निजी सामान के अलावा कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। बीएसएफ ने पाक रेंजर्स से संपर्क कर मामले पर विरोध दर्ज कराया। इसके बाद शाम को लगभग 18.30 बजे अनजाने में सीमा पार करने वाले पाक नागरिक को सद्भावना के तौर पर और मानवीय आधार पर पाक रेंजर्स को सौंप दिया गया।

## जर्मनी ने अपने आखिरी तीन एटमी संयंत्रों को भी किया बंद

**बर्लिन ■ एजेंसी**

**तकनीक असुरक्षित और अस्थिर**

जर्मनी ने अक्षय ऊर्जा की दीर्घकालीन योजना के तहत शनिवार को अपने शेष तीन परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को बंद कर दिया। एम्सलैंड, नेकरवेस्टहेम 2 और इसार 2 को बीती रात बंद कर दिया गया।

आरडब्ल्यूई ऊर्जा फर्म ने एक बयान में तीन रिएक्टरों को ग्रिड से काट देने की पुष्टि करते हुए कहा यह एक युग का अंत है। आलोचकों ने थ्री माइल द्वीप, चेरनोबिल और फुकुशिमा में तबाही का हवाला देते हुए कहा कि तकनीक असुरक्षित और अस्थिर है। हालांकि, परमाणु ऊर्जा के समर्थक का कहना है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के वैश्विक प्रयासों के बीच जीवाश्म ईंधन को पहले चरणबद्ध किया जाना चाहिए, परमाणु ऊर्जा का तर्क काफी कम ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पैदा करता है और ठीक से प्रबंधित होने पर ऊर्जा का एक सुरक्षित स्रोत हो सकता है। जापान में फुकुशिमा परमाणु आपदा के बाद 2011 में पूर्व चांसलर एंजेला मर्केल द्वारा बाहर निकलने की योजना को गति दी गई थी।

## खाटू श्याम जी के लिए नई रेल लाइन के लिए सर्वेक्षण को मंजूरी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** रेल मंत्रालय ने राजस्थान में सीकर जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध खाटू श्याम जी तीर्थ स्थल तक सीधी रेल लाइन बिछाने के लिए अंतिम स्थल सर्वेक्षण करने की मंजूरी दे दी है।

**रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की घोषणा**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की राजस्थान के सीकर जिले में स्थित तीर्थ स्थल खाटू तक रेलवे लाइन बिछाने की घोषणा के बाद रेल मंत्रालय ने अंतिम बिन्दु सर्वेक्षण को स्वीकृति दे दी है। लाखों श्रद्धालु विभिन्न परिवहन माध्यमों से रोजाना खाटू श्याम जी के दर्शन करने आते हैं। सर्वे के मुताबिक प्रतिदिन 30 हज़ार भक्त आते हैं और चार से पांच लाख भक्त शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को आते हैं। एकादशी पर 10 लाख श्रद्धालु आते हैं, जबकि मार्च के 15 दिवसीय मेले के दौरान 30 से 40 लाख श्रद्धालु आते हैं। खाटू श्याम जी मंदिर तीर्थयात्रियों और भक्तों द्वारा सबसे अधिक दर्शन किये जाने वाले भारतीय मंदिरों में से एक है। ट्रेन से आने वाले भक्त पहले रींगस पहुंचते हैं और उसके बाद स्थानीय परिवहन माध्यमों से खाटू श्याम जी पहुंचते हैं।

**अलर्ट** गूगल ने एक बग खोजा जो आपके डिवाइस के लिए हो सकता है हानिकारक

# गूगल क्रोम यूजर्स के लिए खतरे की घंटी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दुनिया भर में सबसे ज्यादा यूज किए जाने वाले वेब ब्राउज़रों में से एक है। यदि आप भी अपने रोज के काम के लिए क्रोम का यूज करते हैं, तो यहां खबर आपके लिए एक चेतावनी है। गूगल ब्राउजर को तुरंत अपडेट करना जरूरी है।



गूगल ने एक बग खोजा है जो आपके डिवाइस के लिए एक हानिकारक हो सकता है। एक ब्लॉग पोस्ट में, गूगल ने पुष्टि की है कि एक्सप्लॉइट विंडोज, मैक और लिनक्स पर क्रोम को प्रभावित कर रहा है। गूगल ने क्रोम ब्राउजर में दो सुरक्षा बग का पता लगाया है और बग को स्वीकार करते हुए कहा है कि गूगल को पता है कि सीवीई -2023-2033 में एक एक्सप्लॉइट मौजूद है। गूगल के थ्रेट एनालिसिस ग्रुप ने बग की पहचान की। इस सिक्योरिटी फ्ला को दूर करने के लिए गूगल ने एक नया क्रोम अपडेट जारी किया है और यूजर्स को अपने ब्राउज़रों को जल्द से जल्द अपडेट करना चाहिए। पुराने सॉफ्टवेयर का उपयोग करने से बगों से प्रभावित होने का जोखिम बढ़ जाता है। अपडेट न केवल रिपोर्ट की गई प्रॉब्लमस को ठीक करते हैं बल्कि रिपोर्ट न किए गए बग को रोकने के लिए सॉफ़्टवेयर को भी मजबूत करते हैं।

### गूगल क्रोम को कैसे अपडेट करें

1. गूगल क्रोम को अपडेट करने के लिए सबसे पहले अपने सिस्टम पर क्रोम ब्राउजर खोलें।
2. वेब की स्क्रीन के ऊपरी दाएं कोने में तीन डॉट्स पर टैप करें।
3. सेटिंग्स पर क्लिक करें।
4. फिर, अबाउट क्रोम पर क्लिक करें। यहां, आप देखेंगे कि आप किस वर्जन का उपयोग कर रहे हैं।
5. यदि यह पुराने वर्जन पर है, तो यह आटोमेटिकली रूप से आपके गूगल क्रोम को लेटेस्ट वर्जन में अपडेट कर देगा।

## फरार कुख्यात अपराधियों पर इनामी राशि में की गई वृद्धि

**जयपुर, ( ब्यूरो)।** राज्य सरकार ने प्रदेश के कुख्यात अपराधियों की गिरफ्तारी पर इनामी राशि में वृद्धि की है। अब ऐसे फरार अपराधियों पर पुलिस महानिदेशक 5 लाख रुपए तक, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) 1 लाख रुपए तक, पुलिस रेंज महानिरीक्षक 50 हजार रुपए तक और जिला पुलिस अधीक्षक 25 हजार रुपए तक की इनामी राशि की घोषणा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में इनामी राशि में वृद्धि के निर्देश दिए थे। इस निर्णय से आमजन की मदद से कुख्यात अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हो सकेगा। गिरफ्तार करने वाले पुलिसकर्मियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2013 के बाद इनाम राशि में अब बढ़ोतरी की गई है।

| अधिकारी स्तर | पहले | अब |
|---|---|---|
| पुलिस महानिदेशक | 1 लाख | 5 लाख |
| अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक | 50 हजार | 1 लाख |
| पुलिस रेंज महानिरीक्षक | 10 हजार | 50 हजार |
| जिला पुलिस अधीक्षक | 5 हजार | 25 हजार |

**मुख्यमंत्री का अहम निर्णय**

# वेलफेयर उत्सव में सम्मानित किए गए रणधीर यादव एवं चंदना बनर्जी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रविवार को वेलफेयर क्लब गाजीपुर का 26वें वेलफेयर उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन रामदूत इंटरनेशनल स्कूल मिश्रौलिया रौजा के सभागार में किया गया। उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि राम नगीना सिंह यादव जिला समाज कल्याण अधिकारी, राजेश्वर सिंह प्रबंधक गौरी शंकर पब्लिक स्कूल एवं समारोह अध्यक्ष सुरेंद्र यादव प्रबंधक रामदूत इंटरनेशनल स्कूल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में क्लब द्वारा बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए बताया कि प्रतियोगिताओं के आयोजन से छात्र छात्राओं के बौद्धिक व मानसिक क्षमता का विकास होता है। क्लब द्वारा प्रतिवर्ष पर्यावरण संरक्षण तथा दिव्यांग कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे हैं प्रयासों के लिए पूरे क्लब परिवार को साधुवाद है। इस सत्र के गायन एवम नृत्य में चयनित छात्र छात्राओं ने सुर और ताल का ऐसा




जलवा बिखेरा की सभाकक्ष में बैठे लोगो को थिरकने को मजबूर कर दिया। सेंट जॉन्स स्कूल की टीचर माया नायर तथा रामदूत इंटरनेशनल स्कूल के सुरेश गुप्ता ने "तेरे संग प्यार में नहीं तोड़ना..." युगल गीत की हूबहू प्रस्तुति कर दर्शकों सहित अतिथियों को आश्चर्यचकित कर दिया तथा खूब वाहवाही लूटी। गीत और नृत्य के कार्यक्रमों के बीच बीच में इस वर्ष क्लब द्वारा आयोजित की गई प्रतियोगिताओं सामान्य ज्ञान, गणित एवं तार्किक, मेहंदी, निबंध, चित्रकला, वाद विवाद, गायन एवं नृत्य में चयनित प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कारों में प्रमाण पत्र व शील्ड का वितरण भी होता रहा। पुरस्कारों का वितरण दी प्रेसीडियम इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक माघव कृष्ण, बुद्धा हॉस्टल के प्रबंधक वंश राज मौर्य, रामेश्वरम गुरुकुलम के प्रिंसिपल राघवेंद्र सिंह, गौरीशंकर पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल आनंद कुमार, रामदूत इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल अंगद कुमार, एवरग्रीन पब्लिक स्कूल के कोऑर्डिनेटर स्वप्निल राज तथा शैलेंद्र राय तथा मार्टिन्स चिल्ड्रन एकेडमी भांवरकोल के प्रिंसिपल विनय राय ने किया।

क्लब द्वारा हर वर्ष दिया जाने वाला पर्यावरण संरक्षण सम्मान रणवीर यादव को तथा स्व0चंद्रिका प्रसाद स्मृति उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान चंदना बनर्जी को अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। क्लब के विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा कार्यक्रमों में सहयोग के लिए ओजस कोचिंग नवाबगंज के छात्र छात्राओं को मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत क्लब पीआरओ सूर्य रेखा मणि,सचिव अभिषेक सिंह, संयुक्त सचिव रामनाथ कुशवाहा, महिला प्रकोष्ठ सचिव शहाना जहां ने किया जबकि क्लब के आय-व्यय निरीक्षक डॉ जितेंद्र कुमार तथा क्लब जनपद गवर्नर पवन पांडे ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उत्सव का समापन देर शाम राष्ट्रगान गाकर किया गया।अंत में क्लब अध्यक्ष ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## अज्ञात कारणों से लगी आग, नगदी व लाखों के सामान समेत गृहस्थी का सारा सामान हुआ खाक



प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय थाना के सरकी चौकी अंतर्गत पनीहर गांव में बीती रात मडहे में अज्ञात कारणों से लगी आग में नगदी सहित लाखो के समान व गृहस्थी का सारा सामान जलकर हुआ खाक सूचना पाकर मौके पर पुलिस व राजस्व की मौजूद रही। गौरतलब हो कि रामबचन पुत्र मुखई अपने परिवार के साथ खाना खा कर मडहे में सो गये आधी रात बीत जाने के बाद अचानक आग लगने की आहट होते ही नींद खुल गई देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर ली आनन फानन में मडहे के अंदर सो रहे बच्चो की किसी तरह से बाहर निकाला गया।चीख पुकार सुन आस पास के लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक मडहे में रखा पचास हजार नगदी,लगभग तीन दर्जन सोने के समान सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। पीड़िता ने बताया कि मेरे पति बनारस गये हुए थे घर पर मेरे ससुर व दो बच्चे थे मेरे ससुर के नाम से आवास मिला था जिसे बनवाने के लिए मिट्टी का घर गिराकर आवास बनवाया जा रहा था इसलिए मिट्टी के घर में रखा सारा सामान मडहे में रखा गया था।साथ ही आवास की दूसरी किस्त बैंक से निकाल कर मडहे में रखे थे।पीड़िता ने बताया कि मडहे में आग लगने से हम लोगो को खाने के साथ साथ पहनने के लिए भी कुछ नहीं बचा हुआ है।घटना की सूचना पाकर पुलिस व राजस्व की टीम मौके पर पहुंच जांच पड़ताल कर रही थी।पीड़ित के अनुसार कुल सामन की कीमत लगभग दो लाख से ज्यादा बताई जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### निकाय चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी ने भरा हुंकार किया नामांकन पर्चा दाखिल



प्रखर वाराणसी। निकाय चुनाव की होड़ में सभी दल के प्रत्याशी रविवार को अपना नामांकन करने बारी बारी से कचहरी और नगर निगम पहुंचे जहां सभी दल के प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया, इसी क्रम में माहनगर कांग्रेस कमेटी के प्रत्याशी अश्विनी श्रीवास्तव वॉड 46 पहड़िया से अपना नामंकन किया, उन्होंने शीर्ष नतृत्व प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय, पूर्व सांसद राजेश मिश्रा, मेयर के प्रत्याशी अनिल श्रीवास्तव, माहनगर कांग्रेस कमेटी के माहनगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजीव श्रीवास्तव और लोकप्रिय नेता और पूर्व जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस पंकज चौबे का भी बहुत बहुत आभर जताया। और महानगर सचिव पीयूष श्रीवास्तव का कहना है कि इस बार कांग्रेस भाजपा का किला ध्वस्त करके हर वार्ड मे जीतेगी सास्वत चौबे और दिव्यांशु श्रीवास्तव जिला माहसचिव और वार्ड अध्यक्ष रमरेपुर के अध्यक्ष साश्वत चौबे की पूरी कमैटी और कई कार्यकर्ता मैजूद रहे।

### रोड पर बह रहा है नाला, आने जाने वाले राहगीरों को हो रही है काफी परेशानी, जिम्मेदार बेखबर



प्रखर गोसाई की बाजार /आजमगढ़। विकासखंड ठेकमा के ग्रामसभा गोसाई की बाजार में रोड पर लोगों के घरों का गंदा पानी बह रहा है जिससे उधर से गुजर रहे ग्रामीणों को, स्कूल कोचिंग जा रहे छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी हो रही है आधे रोड पर पानी बहने के कारण आए दिन छात्र-छात्राएं राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं वही बड़ी गाड़ी गुजरने पर बगल से जा रहे लोगों पर गंदे पानी का छींटा जा रहा और जिम्मेदार पूरी तरीके से बेखबर बैठे है ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत संबंधित विभाग द्वारा कई बार की गई लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। गांव निवासी लक्ष्मी गुप्ता, सुभाष सिंह, जवाहिर मौर्य, दुर्गा बरनवाल, लक्ष्मी गुप्ता, उमेश राय,उमा तिवारी, जवाहिर चौरसिया, दिल शेर अली, श्याम सिंह, हीरा चौरसिया, हरिहर चौहान सहित अन्य ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि जल्द से जल्द नाली का निर्माण हो जिससे इस समस्या का निदान हो।

### डीएम संग एसपी ने किया पोलिंग बूथों का निरीक्षण बहादुरगंज में किया रूट मार्च




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रविवार को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवम पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा आगामी नगर निकाय चुनावों के दृष्टिगत नामांकन स्थलों पर हो रहे नामांकन तथा चुनाव के लिए बनने वाले पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। अधिकारी द्वय द्वारा थाना कासिमाबाद अंतर्गत चौकी बहादुरगंज अंतर्गत बनाए जाने वाले संभावित पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया । इसके पुर्व बहादुरगंज कस्बे में मय फोर्स रूटमार्च किया, तथा आम जनमानस में शांति एवं सुरक्षा की भावना का संचार किया गया। गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, थाना प्रभारी मय फोर्स मौजूद थें। इसके बाद जमानिया तहसील पर भी हो रहे नामांकन का निरीक्षण किया तथा सकुशल व शांतिपूर्ण नामांकन के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

### 2 किलो अवैध गाजा संग एक अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सैदपुर व थानाध्यक्ष खानपुर के मार्गदर्शन में रविवार को थाना खानपुर मय फोर्स के साथ संदिग्ध व्यक्ति, वाहन व तलाश वारण्टी व देखभाल क्षेत्र में मामूर होकर सौना पुलिया बहदग्राम सौना पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग व आने जाने वाले व्यक्तियों की सघन तलाशी के दौरान समय देर शाम करीब 9 बजे अभियुक्त गोविन्द यादव उर्फ गोलू पुत्र फूलचन्द यादव निवासी रज्जकपुर थाना मेहनाजपुर जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के पास से 2किलोग्राम अवैध नाजायज गाँजा व एक अदद मोटरसाइकिल बरामद कर थाना स्थानीय पर एनडीपीएस एक्ट थाना खानपुर पुलिस द्वारा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मास्टर ट्रेनरो ने दिया पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सकुशल निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रथम प्रशिक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी की उपस्थित मे स्नातकोत्तर महाविद्यालय के टेरी भवन के विभिन्न कक्षो मे सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण मे मास्टर ट्रेनरों द्वारा चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइड लाईन के अनुसार प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे बैलेट बाक्स को सील करने, एजेन्ट की नियुक्ति करने एवं अन्य विषयों पर विस्तार से कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। आज सोमवार को प्रशिक्षण मे



346 पीठासीन एवं 346 मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण दिया गया जिसमे पीठासीन 8 एवं प्रथम मतदान अधिकारी 10 अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित पाये गये कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अगले दिन 18 अप्रैल 23 के प्रशिक्षण मे भाग लेना सुनिश्चित करें अन्यथा उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व सुशील लाल श्रीवास्तव, सहायक निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं प्रशिक्षण से सम्बन्धित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

## 'आप' की शारदा टंडन ने मेयर के लिये किया नामांकन

### नामांकन के पश्चात कचहरी में वकीलों के बीच जनसंपर्क भी किया

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। आम आदमी पार्टी वाराणसी के मेयर पद के लिए मेयर प्रत्याशी शारदा टंडन ने 17अप्रैल सोमवार को जुलूस के साथ जिला मुख्यालय पहुंचकर किया नामांकन ` तीन सेट में नामांकन दाखिल करते हुए शारदा टंडन ने कहा कि हम जनता से जुड़े मुद्दों पर काम करेंगे हाउस टैक्स हाफ और पानी टैक्स माफ हमारा मुख्य नारा होगा और नगर निगम से संबंधित स्कूल, अस्पताल, गलियां, सड़कें आदि को ठीक करेंगें। भ्रष्टाचार को समाप्त कर भ्रष्टाचार मुक्त नगर निगम की स्थापना करेंगे और आजकल नगर निगम का कार्यालय नहीं है तो पार्षदों को बैठने के लिए भी जगह नहीं मिलता और मीटिंग कभी टाउन हॉल में होती तो कहीं होती है तो हम पार्षदों को बैठने के लिए भी स्थाई व्यवस्था करेंगे पार्षदों के लिए कार्यालय की



व्यवस्था करेंगे। नामांकन में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने जुलूस के शक्ल में शास्त्री घाट से जिला मुख्यालय पहुंचकर नामांकन किया` इस अवसर पर काशी प्रांत के अध्यक्ष पवन तिवारी ,प्रदेश प्रवक्ता मुकेश सिंह, राष्ट्रीय परिषद सदस्य देवकांत वर्मा , महानगर अध्यक्ष अखिलेश पांडेय, राहुल द्विवेदी ,अभिषेक सिंह जी, अनुराग मिश्रा जी ,अखिलेश पांडेय, अब्दुल रकीब, सुभाष वर्मा, रमेश कुमार, इंदु देवी, अहिल्यादेवी, अनीता यादव, यूसुफ भाई, रोहित कुमार और जिला मीडिया प्रभारी घनश्याम पांडेय सहित बहुत सारे कार्यकर्ता उपस्थित थें। नामांकन के पश्चात शारदा टंडन ने कचहरी में ही अपना जनसंपर्क स्टार्ट कर दिया और वकीलों से मिली, साथ ही महिला वकील साथियों से मिली और आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार मुक्त अभियान को समर्थन देने की अपील की।

## जफराबाद के मनहेच किले के जीर्णोद्धार की मांग इससे पूर्वांचल के सांस्कृतिक विकास के जोर पकड़ने की बात

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पूर्वांचल के आर्थिक-औद्योगिक व सांस्कृतिक विकास के लिए काम कर रही संस्था पूर्वांचल विकास प्रतिष्ठान ने एक प्रस्ताव पास करके उत्तर प्रदेश सरकार से जौनपुर जिले के जफराबाद स्थित मनहेच किले का जीर्णोद्धार करने और उसे पूर्वांचल का शौर्य और साधना स्थल बनाने की मांग की है प्रस्ताव में कहा गया है कि यह किला अंतरकोट कहे जानेवाले कन्नौज से लेकर काशी और कौशल तक फैले इलाके का शौर्य स्थल था शकों, हूणों, तुर्कों और मुगलों से लड़ने के लिए पश्चिमोत्तर के सीमा प्रांत पर जुझारू सैनिकों का समूह यहां से जाता था इसलिए इसे आसनी दुर्ग भी कहा जाता था आसनी यानी आकाशीय बिजली के तरह



दुश्मनों पर टूट पड़ने वाले वीर सेनानी` १८५७ की क्रांति में पूर्वांचल के लोगों का गुलामी की जंजीरें तोड़ने के लिए निकल पड़ना या गांधी जी के स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना उसी परंपरा का हिस्सा था, जिसे आसनी किले जैसे राष्ट्र रक्षा के केंद्रों ने सुरक्षित और संरक्षित किया था यह ध्यान देने की बात है कि आसनी दुर्ग जीत लिए जाने के बाद ही मध्यकालीन आक्रमणकारी सेनाएं बिहार और बंगाल की ओर आगे बढ़ सकी थीं प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि प्रतिष्ठान द्वारा पूर्वांचल के इतिहास को लेकर किये गए शोध इस बात का भी संकेत करते हैं कि जफराबाद राजा हरिश्चन्द्र की राजधानी थी सत्यवादिता के लिए राजा हरिश्चंद्र की वैश्विक ख्याति है। यह किला उसी स्थल पर है जहां से उनके सशरीर स्वर्ग जाने और उनकी समस्त प्रजा के भी एक दिन के लिए सशरीर स्वर्ग जाने की बात कही गयी है` इस स्थान की ऐसी ख्याति थी कि जफर शाह की सेनाओं की मदद के लिए आये धूम्राक्ष साधू शेख सदरुद्दीन की मजार पर जो नमाज पढ़ी जाती है उसके पुण्य को मक्का-मदीना में पढ़ी जानेवाली नमाज के पुण्य के बराबर माना जाता है और इसे गरीबों का मक्का-मदीना कहा जाता है। जो वहां जाने का खर्च न उठा सकें उनके लिए यहाँ आकर इबादत कर लेना भी उतना ही पुण्यवान माना गया है यहां सिर्फ दो रकअत की नमाज पढ़ने को भी पांच रकअत की नमाज के बराबर का माना गया है इस स्थल की ऐसी महत्ता रही है कि जफर शाह द्वारा इस जगह को जीतने और इसका नाम बदल कर जफराबाद करने के बाद धूम्राक्षों, सय्यदों और सूफियों ने इसे अपना स्थाई केंद्र ही बना लिया जहां से उन्होंने बिहार और बंगाल तक धर्म प्रचार किया और चिराग-ए -हिन्द और आफताब-ए -हिंद जैसी उपाधियाँ धारण कीं प्रस्ताव में आगे कहा गया है कि राजा हरिश्चंद्र की पत्नी तारामती भगवती तारा की पुजारिन थीं हिन्दू धर्म में भगवती तारा को दस महाविद्याओं की देवी कहा गया है` यह किला दस महाविद्याओं की उपासना का भी केंद्र था जहां से ज्ञान की परंपरा फूटती थी जफराबाद और इस किले के पुराने नाम मनहेच का अर्थ ही है कि वह विद्या भूमि, जहां से ज्ञान के स्त्रोत निकलते हों यह बात बहुत ध्यान देने की है।

## जन-जन को बैंक से जुडने एवं योजना का लाभ लेने के लिए किया प्रेरित

प्रखर दानगंज वाराणसी। विकास खंड चोलापुर के ग्राम हाजीपुर में रविवार को अमृत महोत्सव के तहत बडौदा यू .पी . बैंक सघन जनसम्पर्क सह बृहद श्रृण वितरण कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ आयोजन के मुख्य अतिथी डी .पी. ग्रोवर अध्यक्ष बडौदा यू .पी . बैंक , विशिष्ट अतिथी एम .के . हालदार प्रशासनिक प्रमुख वाराणसी, कार्यक्रम की अध्यक्षता एम . के . झा क्षेत्रीय प्रबन्धक वाराणसी ने किया। मंच पर आसीन शौरभ रघुवंशी, विरेन्द्र राम ग्राम प्रधान हाजीपुर एवं बडौदा यू .पी . बैंक के कार्यक्रम में जुटे सैकडो क्षेत्रिय महिला, पुरुष एवं ग्रामीण किसानों को सम्बोधित करते हुए एम .के . हालदार ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं एवं लाभ के बारे में बताया।एवं जन - जन को बैंक में अपना एक खाता खोलने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि बैंक से जुड़कर आप



लोग योजना का लाभ ले सकते है। जैसे पशुपालन श्रृण, मत्स्य पालन श्रृण, बकरी पालन, व्यापार, कृषि श्रृण, व शिक्षा श्रृण, गृह लोन , महिला समूह, महिला सखी श्रृण कम से कम व्याज पर एवं सब्सीडी के साथ किसान क्रेडिट एवं श्रृण का लाभ उठा सकते है। सरकार द्वारा चलाई गई जन कल्याणकारी योजना हम सबके हित एवं उज्वल भविष्य के लिए बडौदा यू.पी. बैंक अग्रणी है। कार्यक्रम में सैकडों की संख्या में जुटे महिला एवं पुरुष को सम्बोधित करते हुए डी. पी ग्रोवर अध्यक्ष बडौदा यू .पी बैंक ने बताया कि वाराणसी जिले का सबसे अग्रणी एवं सबसे ज्यादा खाता धारक बडौदा यू .पी. बैंक में है। वाराणसी जिले में अन्य बैंकों की अपेक्षा सबसे ज्यादा कुल 64 शाखाएं है। वही डी. पी . ग्रोवर ने बताया कि वृहद श्रृण कार्यक्रम के तहत 22 लाभार्थियों में एक करोड का श्रृण वितरण किया गया।

## उफ! ये गर्मी: घर से निकलें, तो जरा संभलकर, नहीं तो हो सकती हैं ये बीमारियां

प्रखर पूर्वांचल तमकुही, कुशीनगर। गर्मी ने अप्रैल माह से जलवा दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह 10 बजते ही हलक सूखने लग रहे हैं। मई-जून का महीना अभी बाकी है। गर्मी के महीने में हमें काफी सावधान रहने की जरूरत है। थोड़ी सी लापरवाही सेहत के लिए खतरनाक हो सकती है। आइये सीएचसी तमकुही के अधीक्षक डा. अमित राय, वरिष्ठ चिकित्सक डा. संजय कुमार व डा. हिमांशु मिश्रा से जानते हैं कि गर्मी के दिनों में कौन-कौन सी बीमारी होती है और इससे कैसे बचा जा सकता है।

**लंबे समय तक धूप में रहने से बचें- डा. अमित राय-** लंबे समय तक धूप में रहने से बचें, नहीं तो लू लग सकता है। सिर में तेज दर्द, तेज बुखार, उल्टी, तेज सांस लेना, चक्कर आना, कमजोरी महसूस होना या बेहोश होना लू लगने के लक्षण हैं। डॉ अमित राय ने बताया कि लू से बचे रहना है, तो गर्मी में कभी भी खाली पेट बाहर ना निकलें। ज्यादा पानी पीये, लू लगने पर व्यक्ति को छाया में लिटा दे, ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें, ठंडे पानी से नहलाये, हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, धूप का चश्मा इस्तेमाल करें, संभव हो तो तौलिया, गमछा रखें। उन्होंने बताया कि पानी की कमी से शरीर में पानी, शुगर व नमक का संतुलन गड़बड़ा जाता है। हम जितना पानी पीते हैं, उससे ज्यादा शरीर से निकलता है। जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। जिससे डिहाईड्रेशन हो जाता है। डिहाइड्रेशन में सिर दर्द, प्यास का बढ़ना, थकान, मुंह का सूखना इसके लक्षण है। इससे बचने के लिए अधिक पानी पीयें। नींबू, नारियल पानी या तरल पदार्थों के सेवन के साथ ही मौसमी फलों का सेवन करें।

**लापरवाही से हो सकती है फूड प्वाइजनिंग- डॉ. संजय कुमार-** गर्मी के दिनों में दूषित, बासी भोजन या पानी के सेवन से फूड प्वाइजनिंग हो सकती है. गर्मी में बैक्टीरिया, वायरस व फंगस तेजी से ग्रो करते हैं। ऐसे में शरीर में किसी तरह का बैक्टीरिया, वायरस, टॉक्सिन आदि चला जाये तो फूड प्वाइजनिंग हो सकती हैं। फूड पॉइजनिंग में पेट दर्द, जी मिचलाना, दस्त, बुखार व शरीर में दर्द आदि होते हैं। इसमें ना सिर्फ पेट मरोड़ के साथ दर्द करता है, बल्कि डायरिया, उल्टी जैसी समस्या होती है। गर्मी के दिनों में कई लोगों में घमौरी होने लगता ही। शरीर पर छोटे-छोटे लाल दाने उभर आते हैं। यह समस्या पसीना नहीं निकलने और अधिक टाइट कपड़े पहनने से हो सकती है। डॉ संजय कुमार बताते हैं कि इस समस्या से बचने के लिए सूती के कपड़ें पहनना चाहिए। नहाने के बाद शरीर सुख जाये उसके बाद कपड़ा पहनें। गर्मी के दिनों में दूषित पानी के सेवन से टाइफाइड की बीमारी हो सकती है। तेज बुखार, भूख ना लगना, पेट में तेज दर्द होना, कमजोरी महसूस होना इसके लक्षण हैं। इससे बचने के लिए मसालेदार भोजन, बाहर का दूषित खाना ना खाये, साफ पानी पिये।

**बढ़ जाता है चिकन पॉक्स का खतरा- डा. हिमांशू मिश्रा-** सीएचसी तमकुही के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ हिमांशु मिश्रा बताते हैं कि गर्मी के मौसम में मीजल्स यानी खसरा व चिकन पॉक्स जैसी बीमारियों का भी खतरा बढ़ जाता है। चिकनपॉक्स से बचने के लिए साफ-सफाई का ध्यान रखना चाहिए। इसके लिए अपने हाथों को अच्छी तरह से धोये, सैनिटाइज करें, बीमारी से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचें। गर्मी के दिनों में पीलिया हेपेटाइटिस-ए के मरीज बढ़ जाते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण दूषित पानी व भोजन का सेवन है। पीलिया में मरीज की आंखे व नाखून पीले होने लगते हैं। पेशाब भी पीले रंग की होती है। इसका समय पर इलाज नहीं कराने से मामला गंभीर हो सकता है। इससे बचने के लिए जितना सादा भोजन करेंगे उतना ही लिवर ठीक रहेगा।

## जी-20 सम्मेलन में आए 20 देशों के अतिथियों का रेहड़ी पटरी व्यवसायीगण भव्य पुष्पवर्षा व हर-हर महादेव के उद्घोष से करेंगे अभिनंदन : अभिषेक निगम



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति सचिव अभिषेक निगम ने नगर निगम वाराणसी सीमा क्षेत्र में अपनी दैनिक आजीविका चला रहे स्ट्रीट वेंडरों से संवाद स्थापित कर 17 अप्रैल प्रथम दिन सोमवार को प्रारंभ हुए जी-20 सम्मेलन में 20 देशों से आए अतिथियों का भव्य पुष्प वर्षा व हर हर महादेव के नारों से अभिनंदन करने के लिए प्रेरित किया व सभी पटरी व्यवसायियों को संकल्प दिलाया कि स्वच्छता का भरपूर ख्याल रखते हुए अपने वेंडिंग स्थल को साफ सुथरा रखेंगे जागरूकता अभियान मुख्य रूप से फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह ,फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर सिन्हा ,फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति सचिव अभिषेक निगम , फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति संरक्षक मनोज कुमार ,धर्मराज गुप्ता, शीला देवी, अनूप गुप्ता, मनोज गुप्ता, राजू शर्मा, अजय जायसवाल ,दीपक रस्तोगी,अनमोल निगम, रोहित श्रीवास्तव आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं